mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-224 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
13 अगस्त 2024 मंगलवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



ऋषभ पंत को ...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

**ये तो गजब हो गया!**

### बिहार में मामी और भांजी ने रचाई शादी, साथ जीने-मरने की कसमें भी खाईं

**गोपालगंज (एजेंसी)।** बिहार के गोपालगंज जिले से आई ये खबर थोड़ी अटपटी जरूर है, लेकिन है 100 फीसदी सच्ची। यहां मामी और भांजी ने प्यार किया और अब एक दूसरे के साथ शादी कर ली। जी हां, गोपालगंज में मामी और भांजी ने एक दूसरे के साथ शादी



की। इस अनोखी शादी की हर तरफ चर्चा है। मामी–भांजी की शादी की खबर मिलते ही मौके पर यूट्यूबरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। मामी और भांजी ने एक दूसरे को माला पहनाई और फिर सात फेरे लेने के बाद एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें भी खाईं। यह शादी समारोह कुचायकोट के सासामुसा रेलवे स्टेशन के पास आज सोमवार को दुर्गा मंदिर में संपन्न हुई।

### चाइल्ड पोर्न देखना अपराध, पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुरक्षित

- केरल हाईकोर्ट बोला था- अकेले देखना क्राइम नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (12 अगस्त) को चाइल्ड पोनोग्रॉफी से जुड़े एक मामले में सुनवाई की। लाइव लॉ के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में केरल हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें कहा




गया था कि फोन में बच्चों से जुड़े पोर्न वीडियो को डाउनलोड करना अपराध नहीं होगा। केरल हाईकोर्ट ने 13 सितंबर 2023 को एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि अगर कोई व्यक्ति निजी तौर पर अश्लील फोटो या वीडियो देख रहा है तो यह अपराध नहीं है, लेकिन अगर दूसरे को दिखा रहा है तो यह गैरकानूनी होगा।

### पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक

- लोअर कोर्ट पूर्व ट्रेनी आईएएस पर लगे आरोपों में उलझा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (12 अगस्त) को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक लगा दी है। साथ ही दिल्ली पुलिस और यूपीएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई कर रहे जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा– निचली अदालत, खेडकर को राहत देने से इनकार करते हुए उनके खिलाफ लगे आरोपों में उलझ गई और याचिका पर सही ढंग से विचार नहीं किया। दरअसल, पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा को राहत देने से इनकार कर दिया था।



### हाइवे पार्किंग के लिए नहीं है, जल्द खोला जाए

- सुप्रीम कोर्ट शंभू बॉर्डर खोलने पर हुआ सख्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट शंभू बॉर्ड को आंशिक रूप से खोले जाने को लेकर गंभीर हो गया है। अदालत ने आदेश दिया की इसे जल्द खोला जाए। इसके लिए पंजाब और हरियाणा के डीजीपी को एक सप्ताह के भीतर बैठक करने और समाधान निकालने को कहा है। दरअसल, किसान एमएसपी को लेकर पिछले कई सालों से आंदोलन पर हैं। केंद्र सरकार से कई राउंड की उनकी वार्ता भी हो चुकी है, मगर समाधान नहीं निकल सका। इस साल फरवरी में एक बार फिर किसानों ने दिल्ली की ओर रुख किया तो उन्हें रोकने के लिए हरियाणा सरकार ने शंभू बॉर्डर पर बैरिकेड लगा दिए। तब से किसान वहीं बैठे हैं।



**कोलकाता डॉ टर रेप, मर्डर केस**

## देशभर में 3 लाख डॉक्टर हड़ताल पर

**ममता बोलीं- 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच सीबीआई को सौंपेंगे**






**नई दिल्ली/कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 8 अगस्त देर रात ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न लाश मिली थी। पुलिस के मुताबिक, रेप के बाद उसकी हत्या की गई। प्राइवेट पार्ट, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। उसकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पाई गई थी।

घटना को लेकर आज देशभर के 3 लाख रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। एम्स दिल्ली समेत देशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गई हैं।

ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा- हेल्थ सेक्रेटरी से हमने घटना की सीबीआई जांच कराने और डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग रखी है।

- आरोपी ने शराब पीने के बाद रेप-मर्डर किया

कोलकाता पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपी संजय रॉय ने 8 अगस्त की रात वारदात से पहले अस्पताल के पीछे शराब पी थी। डॉक्टर से रेप और मर्डर के बाद वह घर जाकर सो गया था। सुबह सबूत मिटाने के लिए उसने कपड़े धोए। उसके जूते पर भी खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने घटना वाली रात ड्यूटी पर तैनात 3 डॉक्टर्स और 1 स्टाफ को पूछताछ के लिए बुलाया है।

**मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने इस्तीफा दिया–** आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा– ट्रेनी डॉक्टर मेरी बेटी की तरह थी। सोशल मीडिया पर मेरी बदनामी हो रही है। मैं नहीं चाहता की कभी किसी और के साथ ऐसा हो।

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार**

## हापुड़ की सड़कों पर दिखा आक्रोश का जनसैलाब



**हापुड़ (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले के विरोध में भारत में आक्रोश है। जगह-जगह पर विरोध स्वरूप पुतला दहन और रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच, सोमवार को हापुड़ की सड़कों पर हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। सुबह 11 बजे विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक और हिंदू संगठनों की ओर से बाजार बंद का आह्वान सफल रहा। हापुड़ के फ्री गंज रोड और रेलवे पार्क के बाहर लोग सुबह 8 बजे से जुटना शुरू हुए।

**हाथों में पोस्टर, आंखों में गुस्सा**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो अत्याचार के विरोध में सोमवार को श्री सनातन धर्म सभा के आह्वान पर 150 से अधिक सामाजिक, धार्मिक और हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं रैली में शामिल हुए। लोगों के हाथों में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को रोकने की मांग वाले पोस्टर थे। वहीं, लोग नारेबाजी लगाकर रहे थे। साथ ही हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की मांग करते रहे।

**बांग्लादेश में भारतीय सेना की जीत का स्मारक तोड़ा, सिर्फ टुकड़े बचे**





बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने 1971 की जंग से जुड़े राष्ट्रीय स्मारक को तोड़ दिया। मुजीबनगर में स्थित यह स्मारक भारत–मुक्तिवाहिनी सेना की जीत और पाकिस्तानी सेना की हार का प्रतीक था। 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने हजारों सैनिकों के साथ भारतीय सेना के सामने सरेंडर किया था। भारतीय सेना के ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट–जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने उन्होंने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। इस स्मारक में उसी की छवि को दर्शाया गया है।

**हिंडनबर्ग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में सेबी चीफ और उनके पति को लपेटा**

## सेबी चीफ ने सफाई में कई चीजें स्वीकारी!

- साफ है कि उनका विदेशी फंड में निवेश, अडाणी के भाई ने इससे शेयरों की कीमत बढ़ाई




**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने कहा कि हमारी रिपोर्ट पर सेबी चेयरपर्सन माधबी बुच ने प्रतिक्रिया देते हुए कई चीजें स्वीकार की हैं, जिससे कई नए सवाल खड़े हो गए हैं।

हिंडनबर्ग ने कहा- बुच के जवाब से ये पुष्टि होती है कि उनका निवेश बरमुडा/मॉरिशस के फंड में था। ये वही फंड है जिसका इस्तेमाल गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी करते थे। आरोप है कि विनोद अडाणी इन फंड्स के जरिए अपने ग्रुप के शेयरों की कीमत बढ़ाते थे।

हिंडनबर्ग रिसर्च ने ये भी कहा कि मार्केट रेगुलेटर सेबी को अडाणी मामले से संबंधित इन्हीं ऑफशोर फंडों की जांच करने का काम सौंपा गया था, जिसमें माधबी पुरी बुच की ओर से निवेश किया गया था।

### सेबी चेयरपर्सन के जवाब के बाद हिंडनबर्ग के नए सवाल

बुच के अनुसार वे दोनों कंल्सटिंग कंपनियों (एक भारतीय यूनिट और एक सिंगापुरी युनिट) से 2017 में सेबी में नियुक्त होते ही हट गई थीं, लेकिन मार्च 2024 की शेयरहोल्डिंग बताती है कि अगोरा एडवाइजरी (इंडिया) में माधबी की 99 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बुच 16 मार्च 2022 तक अगोरा पार्टनर्स सिंगापुर की 100त्न शेयरधारक बनी रहीं और सेबी के मेंबर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान वह इसकी मालिक रहीं। सेबी चेयरपर्सन के रूप में नियुक्ति के 2 हफ्ते बाद उन्होंने अपने शेयर अपने पति के नाम ट्रांसफर किए। बुच ने जिस सिंगापुर की कंसल्टिंग यूनिट की स्थापना की थी, वह सार्वजनिक रूप से रेवेन्यू या प्रॉफिट जैसी अपनी वित्तीय रिपोर्ट नहीं देती है, इसलिए यह देखना असंभव है कि सेबी में उनके कार्यकाल के दौरान इस यूनिट ने कितना पैसा कमाया है। फाइनेंशियल स्टेटमेंट के अनुसार माधबी की 99 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली अगोरा एडवाइजरी इंडिया ने वित्त वर्ष (2022, 2023, और 2024) के दौरान 2.39 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया। ये रेवेन्यू माधबी के चेयरपर्सन रहते जनरेट किया गया है।

### 15 अगस्त को पीएम मोदी बनाएंगे खास रिकॉर्ड

- 11वीं बार लाल किले से तिरंगा फहराकर देश को संबोधित करेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार गुरुवार 15 अगस्त को लगातार 11वीं बार लाल किले से तिरंगा फहराकर देश को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वे लगातार 11 बार लाल किले से भाषण देने वाले देश के तीसरे प्रधानमंत्री बन जाएंगे। इससे पहले जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

### महाराष्ट्र में नए चेहरों पर दांव खेलेगी कांग्रेस...

- औरंगाबाद में पार्टी नेताओं ने गुजरात, पैकेज और भ्रष्टाचार पर घेरा

**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनावों में 13 सीटें जीतकर राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनी कांग्रेस अब विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है। पार्टी ने छत्रपति संभाजी नगर (पहले औरंगाबाद) में समीक्षा बैठक और सांसद अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने साफ किया कि पार्टी के लिए काम करने वाले मेहनती नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले ने बीजेपी के अगुवाई वाले महागठबंधन की सरकार को निशाने पर लिया। पटोले ने कहा कि मौजूदा सरकार की विदाई तय है। एमवीए की सरकार बनेगी, तो वहीं राज्य विधानसभा में कांग्रेस के नेता विपक्ष विजय वडेट्टीवार ने कहा कि कहा कि महायुति सरकार ने महाराष्ट्र के स्वाभिमान को गुजरात के आगे गिरवी रख दिया है। विजय वडेट्टीवार ने कहा कि विधानसभा चुनाव राज्य के स्वाभिमान की रक्षा के लिए विधानसभा की लड़ाई हैं।



**एक से हम 14 पर पहुंचे**

महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जिसके पीछे जनता का जबरदस्त समर्थन था। 2019 में कांग्रेस के पास राज्य में सिर्फ एक सांसद था, लेकिन 2024 में उसके 14 सांसद (सांगली के विशाल पाटिल को मिलाकर) हो गए।

**बीवी करती थी न्यूड कॉल, कैमरे से पति बनाता था वीडियो...**

## होश उड़ा देगी सेक्सटॉर्शन गैंग चलाने वाले कपल की कहानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फेसबुक पर एक बेहद खूबसूरत लड़की के प्रोफाइल से फ्रेंड रिक्वेस्ट और इसके बाद मेसेंजर का ही मेसेज। धीरे-धीरे प्यारभरी बातचीत का सिलसिला और फिर वॉट्सऐप नंबर की अदला-बदली। बस यहीं से शुरू होता था असली खेल, जिसमें बीवी वॉट्सऐप पर न्यूड होकर वीडियो कॉल करती और पति कैमरा लेकर उसका वीडियो बनाता था। ये कहानी है कानपुर में सेक्सटॉर्शन गैंग चलाने वाले एक ऐसे पति-पत्नी की, जो अभी तक ना जाने



कितने लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं। अपने गैंग में इन्होंने करीब आधा दर्जन लड़कियों को भी भर्ती किया हुआ था। फिलहाल ये गैंग पुलिस की गिरफ्त में है और पूछताछ में सामने आई पति-पत्नी की हकीकत हैरान कर देने वाली है।

पुलिस के मुताबिक, संध्या और इंद्रजीत पति-पत्नी हैं। संध्या का कहना है कि इस धंधे में उसका पति ही उसे लेकर आया था। कानपुर के रहने वाले इंद्रजीत और संध्या सेक्सटॉर्शन के जरिए लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। इनके गैंग में आधा दर्जन से ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के अलावा 7 लोग और हैं।

**संध्या की फ्रेंड रिक्वेस्ट से शुरू होता था खेल**

सबसे पहले फर्जी आईडी के जरिए संध्या फेसबुक पर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजती थी। उसके प्रोफाइल पर किसी खूबसूरत लड़की का फोटो लगा होता था। जैसे ही सामने वाला उसकी फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करता, संध्या तुरंत मेसेंजर में ही लिखकर भेजती। इसके बाद कुछ प्यारभरे मेसेज भेजकर वो अपने शिकार के साथ बातचीत आगे बढ़ाती और उसका वॉट्सऐप नंबर मांग लेती। नंबर मिलते ही रात के वक्त संध्या अपने शिकार को वीडियो कॉल करती और बातों ही बातों में उसके सामने न्यूड हो जाती।

### बिहार के सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़, 7 कांवड़ियों की मौत

- चश्मदीद बोला- दुकानदार-श्रद्धालुओं में मारपीट हुई, वॉलंटियर्स ने लाठीचार्ज किया

**जहानाबाद (एजेंसी)।** सावन के चौथे सोमवार को बिहार के जहानाबाद में श्रावणी मेले के दौरान सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़ मच गई। इसमें 7 कांवड़ियों की दबने से मौत हो गई। हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। घटना रविवार की देर रात करीब 12 बजे की है। हादसे की दो वजह सामने आई हैं। पहली- प्रत्यक्षदर्शी मनोज ने बताया, मंदिर के पास फूल बेच रहे दुकानदारों का लोगों से झगड़ा हुआ था। इसके बाद ही अफरा-तफरी मची। लोग एक-दूसरे पर चढ़कर आगे बढ़ने लगे। मैं भी लाश के नीचे दबा हुआ था, लोगों ने मुझे खींचकर बाहर निकाला। 1-2 मिनट और रहता तो मेरी भी मौत हो जाती।

## संक्षिप्त समाचार

### वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 का लगभग 100 गोदामों में भण्डारित गेहूँ कीटग्रस्त/अपग्रेडेबल होने का मामला संज्ञान में आने पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश प्रमुख सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरुण शमी को दिये हैं। भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों ने भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के विभिन्न गोदामों में भंडारित गेहूँ को लिये जाने के लिये गुणवत्ता का परीक्षण कराया गया था। गुणवत्ता परीक्षण के दौरान गोदामों में भंडारित गेहूँ कीटग्रस्त/अपग्रेडेबल पाये जाने के कारण उसका प्रदाय भारतीय खाद्य निगम को नहीं हो सका। भारतीय खाद्य निगम द्वारा कीटग्रस्त/अपग्रेडेबल गेहूं को सात दिवस में मानक स्तर का बनाने के निर्देश दिये गए थे, इसके बाद भी कीटग्रस्त/अपग्रेडेबल गेहूं को निर्धारित समय में मानक स्तर का नहीं किया गया। इस मामले में प्राथमिक तौर पर म.प्र. वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही परिलिक्षित हुई है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए म.प्र. वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के लापरवाह एवं गैर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की जवाबदारी तय करने के लिये प्रमुख सचिव खाद्य को 3 दिवस में जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देशित दिये हैं जिससे दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की जा सकें।

### ग्राम सभाओं की बैठकों में जलवायु परिवर्तन संबंधी मुद्दों पर करें चर्चा 15 से

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए है कि स्वतंत्रता दिवस को होने वाली ग्राम सभा की अनिवार्य बैठक में इस बार जलवायु परिवर्तन संबंधी मुद्दों पर आवश्यक चर्चा करवायें। सभी ग्राम सभाएं जलवायु परिवर्तन के खतरों से बचने के लिए प्रस्ताव पारित करें और जलवायु साक्षरता बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर काम करने का संकल्प लें। श्री पटेल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से होने वाले खतरे अब साफ दिखाई देने लगे हैं। असमय वर्षा होती है। गर्मी बहुत तेज पड़ती है। ठंड के दिनों में गर्मी लगने लगती है। फल सही समय पर नहीं पकते। फूल सही समय पर नहीं खिलते नहीं। वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड जीरो स्तर पर कैसे लाया जाए जो जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। जलवायु परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य भी खतरे में है। प्राकृतिक संसाधनों का संयमित उपयोग कैसे किया जाए इस पर भी चर्चा निचले स्तर पर होना चाहिए। पंचायत मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर बोली जा रही बोलियों, भाषाओं में जलवायु विज्ञान और जलवायु के बर्ताव के प्रति गांवों के लोगों की समझ बढाना जरूरी हो गया है। पंचायत मंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर पौधे लगाने उन्हें बचाने उन्हें पूरा वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी को बहुत ही मिशन मोड में पूरा करने की आवश्यकता है।

### चयनित छात्र 13 से 16 अगस्त तक रहेंगे नई दिल्ली में

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों के 6 विद्यार्थियों को नई दिल्ली में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। यह विद्यार्थी स्वतंत्रता दिवस के दौरान युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, प्रधानमंत्री संग्रहालय और प्रतिष्ठित स्थानों को देखने जाएगे। चयनित छात्र नई दिल्ली के लाल किले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में अपने स्कूलों और राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह चयन उनके शिक्षकों और माता-पिता द्वारा प्रदान की गई कड़ी मेहनत और समर्थन का एक प्रमाण है, जो इस महत्वपूर्ण अवसर पर उनके साथ होंगे। चयनित छात्र 13 से 16 अगस्त तक नई दिल्ली में रहेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले छात्रों का चयन उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और उल्लेखनीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के आधार पर किया गया है। देश भर के छात्रों और उनके मार्गदर्शकों को आमंत्रित करने की केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की पहल का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों कोााभा प्रेरित करना और देश के भविष्य में उनके योगदान की पहचान करना है।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुार एम.पी. ट्रांसको मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के गोविंदपुरा भोपाल स्थित परिसर एवं भोपाल के विभिन्न एकस्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों में पौधारोपण किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रदेश भर में एम.पी. ट्रांसको के सभी 42 ट्रांसमिशन लाइन मेटेनेन्स (टी.एल.एम.), 416 एकस्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों तथा प्रदेश में एम.पी. ट्रांसकों के सभी कार्यालयों में करीब 19 हजार से अधिक पौधो का रोपण किया जा रहा है। भोपाल में हुए पौधारोपण कार्यक्रम में श्री राजेश शांडिल्य, श्री डी.एस. बिसेन, श्री जे.एन. श्रीवास्तव, श्री अतुल नावर, श्री अशोक श्रीवास्तव, श्री राजेश्वर सिंह ठाकुर, श्री अनुराग पंत, श्री विपिन खरे, श्री आशीष जैन सहित अन्य कार्मिकों ने हिस्सा लिया।

# एड्स संक्रमण की जानकारी, बचाव एवं उपचार के प्रति नागरिकों की जागरूकता एड्स से लड़ाई में अहम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योर यदि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहेंगे, नियमित जाँच करायेंगे तो हम बीमारी के दुष्चक्र से बाहर रहेंगे। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना और खतरों के प्रति सचेत रहना महत्वपूर्ण है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने वीडियो संदेश के माध्यम से सभी नागरिकों से प्रदेशव्यापी इंडिया फ़ाइट्स एचआईवी एंड एसटीआई अभियान में सहभागिता की अपील की। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि एड्स के संक्रमण के कारण, बचाव एवं उपचार के प्रति नागरिकों और युवाओं की जागरूकता इसके नियंत्रण के लिए आवश्यक है। लापरवाही से यह गंभीर बीमारी जानलेवा भी साबित हो सकती है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआईवी-एड्स के बारे में सही जानकारी को प्राप्त करना, जोखिम व्यवहार पर एचआईवी की जांच कराना और एचआईवी-पॉज़िटिव की




स्थिति में जल्दी से जल्दी अपना एआरटी उपचार शुरू करना। इन तीन बिंदुओं पर सभी लोगों को जागरूक होना है, सक्रिय होना है, सजग रहना है और अन्य को भी जागरूक करने में सहयोग करना है। राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने समन्वय भवन भोपाल से राज्य स्तरीय प्रदेशव्यापी इंडिया फ़ाइट्स एचआईवी एंड एसटीआई जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि एचआईवी-एड्स संक्रमण के प्रति युवाओं सहित परिवार का पूरे समाज का जागरूक होना आवश्यक है। ताकि वे खुलकर अपनी बात रख पाएँ अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकें। सुरक्षित व्यवहार का पालन करें, साथ ही नागरिक समय से अपनी जाँच कराने और उपचार प्राप्त करने में संकोच न करें। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वस्थ भारत के लिए स्वस्थ मध्यप्रदेश आवश्यक है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूकता ज़रूरी है। राज्य मंत्री ने मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सदस्यों, रेड रिबन क्लब के सदस्यों और अन्य समाजसेवी संस्थाओं की अभियान में सहभागिता की सराहना की और अभियान की सफलता की शुभकामनाएँ दीं।

## खाद्य मंत्री राजपूत से मिला आपूर्ति अधिकारी संघ का प्रतिनिधि मंडल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत से सोमवार को उनके निवास पर मध्यप्रदेश आपूर्ति अधिकारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। संगठन के निर्वाचन के बाद मध्यप्रदेश आपूर्ति अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह भदौरिया एवं संदीप भार्गव के नेतृत्व में संगठन में शामिल प्रदेशभर के आपूर्ति अधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर खाद्य मंत्री को संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा जनता के हित में चलाई जा रही योजनाओं के सतही क्रियान्वयन में अपनी भागीदारी



दृढ़ता के साथ निभाने का आश्वासन विभागीय मंत्री श्री राजपूत को दिया। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री राजपूत ने सभी अधिकारियों को पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करने की बात कहते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बाबा महाकाल की सवारी की पूजा में शामिल हुए कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री जायसवाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** श्रावण माह के चौथे सोमवार को आज उज्जैन में बाबा महाकाल की भव्य सवारी निकली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल महाकाल की सवारी में शामिल हुए। उन्होंने सुबह उज्जैन पहुँचकर बाबा महाकाल के दर्शन किये। इसके बाद बाबा महाकाल की सवारी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की जनता की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने उज्जैन जिले में पदस्थ कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर उन्हें प्रदेश और विभाग के हित में पूरी कर्मठता और समर्पण से कार्य करने की हिदायत दी।



## स्कूल का समय बच्चों के लिये अपनी क्षमताओं को पहचानने और विकसित करने का दौर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि स्कूल का समय बच्चों के लिये अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें विकसित करने का महत्वपूर्ण दौर होता है। ऐसे समय उन्हें सही मार्गदर्शन दिया जाना महत्वपूर्ण होता है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह आज भोपाल में पंडित सुंदर लाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान में तीन दिवसीय करियर कैम्प को संबोधित कर रहे थे। कैंप का मुख्य विषय अनुभवात्मक शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धा था। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि हमारे देश में आजादी के बाद सभी क्षेत्रों उल्लेखनीय तरक्की की है। उन्होंने कहा कि आज के समय बच्चों के लिये असीमित क्षेत्रों में बढ़ने और सफलता पाने के अवसर उपलब्ध हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती, इसे प्राप्त करने के हर अवसर का उपयोग किया जाना चाहिए। प्रदेश की




बढ़ती खेल गतिविधियों की चर्चा करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। प्रदेश के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

उन्होंने प्रदेश के हॉकी खिलाड़ी श्री विवेक सागर के हॉकी ओलम्पिक में श्रेष्ठ प्रदर्शन का उल्लेख किया। राज्य सरकार ने खिलाड़ी श्री विवेक सागर को एक करोड़ रूपये का पुरस्कार प्रदान किया है। कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक श्री दीपक पालीवाल ने बताया कि इस कैम्प में छात्रों को विभिन्न आधुनिक तकनीकों और कैरियर विकल्पों की जानकारी दी जा रही है। जिसमें ड्रोन उड़ाने की तकनीक, थ्री डी प्रिंटिंग, ब्लॉक प्रिंटिंग और कृषि जैसे विषय शामिल हैं। कैम्प में दौलतराम इंजीनियरिंग सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के पदाधिकारी श्री सी.पी. शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी प्रारंभिक अवस्था में कौशल हासिल कर लेता है, तो उसे नौकरी तलाश करने की जरूरत नहीं पड़ती।

## एम.पी. ट्रांसको मुख्यालय में हुआ वृहद पौधारोपण




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार म.प्र. की बिजली कंपनियों में '' एक पेड़ माँ के नाम '' पौध-रोपण अभियान के तहत एम.पी. ट्रांसकों (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) की नयागांव जबलपुर स्थित आवासीय कॉलोनी परिसर में वृहद पौध-रोपण किया गया। इस महा अभियान में कॉलोनी परिसर में रहने वाले कार्मिकों व उनके परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी सहित मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पौध-रोपण कार्यक्रम में परिसर में निवास करने वाले सभी श्रेणी के कार्मिकों ने सपरिवार विभिन्न प्रजाति के लगभग 100 पौधों का रोपण किया एवं सपरिवार इन पौधों के देखरेख की जिम्मेदारी लेने की शपथ भी ली। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में 19 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है।

## हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर गर्व से आजादी का पर्व मनाएं-उप-मुख्यमंत्री शुक्ल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य है कि सभी लोग अपने घरों में तिरंगा फहराकर आजादी का जश्न मनाएं। जिस प्रकार देश के प्रधानमंत्री एवं अन्य विशिष्टजन ध्वजारोहण करते हैं उसी प्रकार प्रत्येक नागरिक अपने घर में झण्डा फहराकर आजादी के पर्व में उत्साह से शामिल हों। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल आज रीवा में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने तिरंगा लेकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी तिरंगा यात्रा में सहभागिता निभाई। तिरंगा यात्रा कालेज चौराहा होकर मानस भवन के सामने से शिल्पी प्लाजा होते हुए मार्तण्ड स्कूल क्रमांक तीन के ग्राउण्ड में समाप्त हुई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा आयोजित बाइक रैली को उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उप मुख्यमंत्री स्वयं भी खुली जीप में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। सांसद श्री जनार्दन मिश्र, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी एसपी पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ सारैभ सोनवणे सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल के सदस्य शामिल हुए।



## नशा मुक्त भारत ही विकसित भारत बनेगा- मंत्री कुशवाह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि केन्द्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा 5 साल पहले शुरू किया गया नशा मुक्त भारत अभियान में विकसित भारत का मंत्र- भारत हो नशे से स्वतंत्र जागरूकता कार्यक्रम का क्रियान्वयन मध्यप्रदेश में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। मंत्री श्री कुशवाह राज्य स्तरीय सामूहिक नशामुक्ति अभियान अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नशे से प्रदेश को स्वतंत्र करने के लिये जागरूक अभियान की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प में नशा मुक्ति भी बहुत महत्वपूर्ण



कड़ी है युवाओं में लगातार बढ़ती नशे की लत एक चिंता का विषय है लेकिन समय के साथ इसको रोककर सुधारा जा सकता है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति को अपनो साथियों को नशे से मुक्त कराना चाहिए यह एक तरह से परमात्मा की पूजा करने के समान ही जिससे कई अनमोल जिंदगी को बचाया जा सकता है। प्रदेश मे काम कर रही कई समाजसेवी संस्थान की भी महत्वपूर्ण भूमिका है आयुक्त सामाजिक न्याय श्री आर.आर. भौंसले ने बताया कि सम्पूर्ण विश्व नशा की समस्या से प्रभावित है। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए विभाग द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम का संचालन किया जाकर वातावरण तैयार किया जा रहा है। भारत सरकार की नशामुक्ति राष्ट्रीय कार्य योजना अंतर्गत पुनर्वास केंद्रों में उपचार एवं परामर्श का कार्य संपादित किया जा रहा है। नशा मुक्ति के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के दतिया जिले को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही नशा मुक्ति के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने हेतु मध्यप्रदेश को भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। समारोह में मंत्री श्री कुशवाह ने उपस्थितजन को नशा न करने की शपथ दिलाई और फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। साथ ही हार्टफूलनेस एजुकेशन ट्रस्ट की पुस्तक जी हाँ आप यह कर सकते है का विमोचन किया। मंत्री श्री कुशवाह ने अभियान के 5 साल पूरे होंने पर अशोक का पौधा लगाया। कार्यक्रम में प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय संस्थान के वॉलिंटियर द्वारा जागरूकता नाटक का मंचन और कला पथक दल द्वारा नशामुक्ति पर आधारित गीत की प्रस्तुती दी गई।

# चुरहट पुलिस ने 2 लाख का अवैध मादक पदार्थ किया जप्त, 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी चुरहट निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में चुरहट पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जप्त की 210 नग विनरेक्स कफसिरप।




बताया गया कि चौकी प्रभारी मोहनिया थाना चुरहट को दिनांक 11.08.24 को मुखबिर सूचना मिली कि जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश से दो अलग अलग मोटर सायकल में चार व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ नसीली कफ सिरप लेकर ग्राम बडखरा एनएच 39 के किनारे गहरवार ढाबा के पास बिक्री करने हेतु आ रहे है। चौकी प्रभारी मोहनिया द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को सूचित कर उनके निर्देशन में स्वयं के नेतृत्व में एक टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रखाना होकर गहरवार ढाबा ग्राम बडखरा एनएच 39 के किनारे पहुचे जहा पर दो अलग अलग मो.सा. में दो दो व्यक्ति मोटर सायकलो में बैठे हुए मिले। दोनो मोटर सायकलो मे पीछे बैठे हुए व्यक्ति बीच में अलग अलग काले रंग के पिठठू बैग सीट में रखे हुए थे जिनसे उनका नाम पता पूछा गया तो एक मोटर सायकल में आगे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सूरज हेला पिता रामलाल हेला उम्र 35 वर्ष नि0 बार्ड क्रमांक 01 अम्बेडकर नगर कोरांव एवं पिटठू बैग सीट में रखकर पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजा भारतीया पिता राकेश भारतीया उम्र 19 वर्ष निण् बरदहा थाना कर्छना जिला प्रयागराज का होना बताये तथा दूसरी मो.सा. मे आगे बैठे हुए व्यक्ति ने अपना नाम संजय हेला पिता राधेश्याम हेला उम्र 26 वर्ष निण् बडोबर थाना कोरांव जिला प्रयागराज एवं पिट्ठू बैग सीट में रखकर पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम सूरज कुमार भारतीया पिता राममूरत भारतीया उम्र 26 वर्ष ग्राम बरदहा थाना कर्छना जिला प्रयागराज का होना बताये। तत्पश्चात उक्त दोनो मोटर सायकलो के बीच सीट में रखे हुए काले रंग के पिटठू बैगों के अन्दर कोडीन फास्फेट युक्त मादक पदार्थ विनरेक्स कफसिरप की शीशियां भरी हुई पाई गई जिसमे संदेही सूरज हेला एवं राजा भारतीया की मोटर सायकल सीट में रखे पिटटू बैग से 110 शीशी एवं संदेही संजय हेला व सूरज कुमार भारतीया की मोटर सायकल सीट में रखे हुए पिटठू बैग मे 100 शीशी विनसिरेक्स कफसिरप कुल 210 शीशी कीमती 39900ध्रूण् की पाई गई जिसके संबंध में आरोपियों से वैद्य दस्तावेज की माँग किये जो कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये। आरोपियों के कब्जे से 210 शीशी विनरेक्स कफ सिरप एवं दो नग मोटर सायकल तथा 3 नग एंड्राइड मोबाइल समक्ष गवाहो के जप्त किया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 मप्र ड्रग कन्ट्रोल एक्ट 1949 के अन्तर्गत दण्डनीय पाये जाने पर अपराध कायम कर सभी आरोपियो को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी सूरज हेला से पूछताछ की गई जो अपने कथन में बताया कि महिपाल साकेत नि0 बडबरा 739 ने उक्त नशीली कफसिरप अवैध रूप से बिक्री करने के लिए हम लोगो से मगवाया था जो नशीली कफसिरप उ0प्र0 से लेकर महिपाल साकेत को बिक्रय करने के लिए आये थे जो बिक्री करने के पूर्व ही पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया हैं। महिपाल साकेत की पता तलाश की गई जो नहीं मिला जिसकी गिरफ्तारी हेतु पृथक से टीम को लगाया गया हैं।

उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चुरहट निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा, उनि देवेंद्र पाण्डेय, चौकी प्रभारी मोहनिया सउनि सुनील पाण्डेय, प्र.आर. कमलभान सिह, आरक्षक नवीन द्विवेदी, संजीव सिंह, सतेन्द्र सिंह एवं सैनिक सुभाष पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा हैं।

## सील क्लिनिक में हो रहा था उपचार

### जयसिंहनगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोबारा किया सील, संचालक पर होगी कठोर कार्रवाई




**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल जिले के जयसिंहनगर में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बस स्टैण्ड स्थित सरकार दवाईखाना को निरीक्षण के दौरान अवैध पाते हुए सील कर दिया था। डॉक्टर के पास क्लिनिक को चलाने के लिए संबंधित वैध दस्तावेज नहीं थे।

इस बीच डॉक्टर ने सील क्लिनिक को अवैध तरीके से दोबारा खोल लिया और लोगों का उपचार शुरू कर दिया। जब इस बात की जानकारी फिर से स्वास्थ्य विभाग की टीम को लगी तो जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके शुक्ला और एसडी कवर के साथ टीम ने जयसिंहनगर में फिर से दबिश दी। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर सरकार सील क्लिनिक में फिर से उपचार करते मिले। इसके बाद टीम ने कड़ी फटकार लगाते हुए क्लिनिक को दोबारा सील किया है। इसके अलावा जयसिंहनगर में अवैध रूप से संचालित बिना वैध डिग्री और पंजीयन के संचालन पर मिश्रा क्लिनिक और मेटी क्लिनिक को भी सील कर दिया। संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

मामले में सीएमएचओ डॉक्टर राजेश मिश्रा ने बताया कि जयसिंहनगर में सरकार दवाईखाना को पहले सील किया गया था। बाद में सूचना मिली कि अवैध क्लिनिक का संचालन दोबारा किया जा रहा है। टीम भेजकर क्लिनिक को फिर से सील कराया गया है। संचालक के खिलाफ नियम के अनुसार कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत देशव्यापी शपथ का किया गया आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नशा मुक्त भारत अभियान के पांचवें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर सोमवार को देशभर में एक विशाल शपथ समारोह का आयोजन किया गया। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिल्ली के मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड में इस समारोह का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में हजारों शिक्षण संस्थानों, राज्यों, जिलों और सार्वजनिक संस्थानों से लाखों प्रतिभागियों ने एक साथ शपथ ली। इस वर्ष नशा मुक्त भारत अभियान की थीम श्विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्रश् रखी गई है, जो देश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य को और भी प्रबल करती है। इस अवसर पर मंत्री ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनिक अधिकारियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए सभी का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मुख्यमंत्री के संकल्पों के साथ हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

### नशा मुक्ति पर शपथ ग्रहण के साथ पौधरोपण एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं पर स्नातक की कक्षाओं का शुभारंभ शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु रविवार 11 अगस्त 2024 को जिले के समस्त पांच अध्ययन केंद्र यथा संजय गांधी महाविद्यालय सीधी, शासकीय महाविद्यालय रामपुर नैकिन, शासकीय महाविद्यालय मझौली, शासकीय मॉडल स्कूल कुसमी एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पतुलखी अध्ययन केंद्र में उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया गया। मुख्यमंत्री जी के संकल्प तथा समाज से नेतृत्वकर्ता का निर्माण कर समाज के लिए अहम भूमिका निभाने हेतु संचालित इस कोर्स में एक अध्ययन केंद्र पर प्रत्येक वर्ष क्रमशः 40 एवं 50 विद्यार्थियों




का प्रवेश करवा कर ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट सतना द्वारा समाज कार्य में स्नातक एवं परास्नातक की डिग्री प्रदान की जाती है। प्रत्येक रविवार को महाविद्यालय में कक्षाएं आयोजित होती हैं। असाइनमेंट प्रोजेक्ट क्षेत्रीय कार्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इन छात्रों के द्वारा कार्य किया जाता है। आगामी समय में मुख्यमंत्री जी द्वारा समस्त छात्रों को अपने गांव में शासन की योजनाओं के संचालन तथा जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य योजना पर कार्य करने का आह्वान भी किया गया है।

कार्यक्रम में परामर्शदाताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय सीधी में मुख्य अतिथि के रूप में अजय मिश्रा भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश के प्रांत उपाध्यक्ष एवं ज्योत्सना पब्लिक स्कूल के संचालक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संजय गांधी महाविद्यालय सीधी डॉ पी के सिंह द्वारा की गई, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रविंद्र सिंह एवं डॉ. दिलीप सोनी प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पाठ्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इस आशा और विश्वास के साथ प्रतिभागियों को संदेश देने का काम किया गया कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचेंगी। साथ ही समाज में एक अच्छे नेतृत्वकर्ता इस पाठ्यक्रम के माध्यम से खड़े होंगे। जिला समन्वयक शिवदत्त उरमलिया द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आयामों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता विनय तिवारी एवं आभार प्रदर्शन अश्वनी पटेल के द्वारा किया गया।

## सावन के चौथे सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भीड़

### शेषनाग मंदिर में पहुंचे नागदेवता, दर्शन के लिए भक्तों का लगा तांता



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** जिले में सावन माह के चौथे सोमवार एक तरफ जहां शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखी गई तो वहीं नगर के प्राचीन शेषनाग मंदिर में अचानक नागदेवता पहुंच गए। नाग देवता के मंदिर पहुंचने की खबर पूरे शहर में आग की तरह फैल गई। खबर लगते ही शहर के लोग दर्शन के लिए पहुंचने लगे। लोग नागदेवता को दूध पिलाने के साथ पैसे और तमाम पूजा सामग्री चढ़ाने लगे।

दरअसल सावन माह के चौथे सोमवार पन्ना नगर के बेनीसागर तालाब के पास स्थित प्राचीन शेषनाग मंदिर में उस वक्त से भक्तों तांता लगना शुरू हो गया। जब अचानक मंदिर के अंदर नागदेवता पहुंचने की खबर शहर फैल गई। दोपहर 3 बजे से नागदेवता मंदिर के अंदर बैठे हैं। जिन्हें लोग दूध पिलाने के साथ साथ पूजा को सामग्री भी चढ़ा रहे हैं।

**जिले की शिवालयों में भक्तों की भीड़:** सावन माह के चौथे सोमवार जिले भर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखी गई है। सबसे ज्यादा चौमुखनाथ मंदिर में लोग दर्शन करने के लिए पहुंचे। यहां भगवान के चार रूपों के दर्शन मिलते हैं।

नचना-कुठारा गांव में स्तिथ पार्वती मंदिर 5वीं 6वीं शताब्दी युग का हैं। चतुर्मुख मंदिर 9वीं शताब्दी का है। ये मंदिर हिंदू मंदिर वास्तुकला की उत्तर भारतीय शैली को दर्शाते हैं और पन्ना जिले सहित आसपास के जिलों के भक्तों की आस्था का बहुत बड़ा केंद्र भी है। यही वजह है कि यहां लोग सावन माह में अधिक संख्या में दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं।

## गोस्वामी तुलसी दास की जयंती पर सम्मान समारोह संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** श्रीराम चरित मानस समिति सीधी के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी, 11 अगस्त रविवार को मानस भवन सीधी में यदुवंश वर्मा सेवा निवृत्त शिक्षक, गंगा सागर तिवारी सेवा निवृत्त सहायक आवकारी अधिकारी एवं मूलचंद कामदार समाज सेवी का सम्मान किया गया।




तुलसी जयंती समारोह के संयोजक उदय कमल मिश्र अधिवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तुलसी जयंती पंच दिवसीय समारोह में 11 अगस्त को सम्मान समारोह के आयोजन में डॉ राजेश मिश्रा सांसद संसदीय क्षेत्र सीधी, रीती पाठक विधायक विधानसभा क्षेत्र सीधी, कमलेश्वर प्रसाद द्विवेदी पूर्व मंत्री म.प्र.शासन, देवकुमार सिंह चौहान अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉ कैलाश तिवारी सेवा निवृत्त संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा, जियंद राम समाज सेवी, लद्धाराम समाज सेवी, आशा मिश्रा सेवा निवृत्त शिक्षिका के द्वारा यदुनाथ वर्मा, गंगा सागर तिवारी, मूलचंद्र कामदार को शाल, श्रीराम चरित मानस भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के पूर्व सम्मानित अतिथियों ने गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। तुलसी जयंती समारोह के संयोजक के द्वारा सम्मानित अतिथियों को ओम् नमः शिवाय नामी वस्त्र एवं श्रीराम चरित मानस, सुन्दर कांड़ भेंट कर स्वागत कर आयोजित कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराया। आयोजित कार्यक्रम में सृजन मिश्र एवं श्लोक तिवारी ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किया जिसका संयोजन उमा प्रसाद शर्मा द्वारा किया गया, कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह के द्वारा किया।

श्री मिश्र ने अवगत कराया कि पंच दिवसीय तुलसी जयंती समारोह में 11 अगस्त को राष्ट्र चिंतन तुलसी दास और हम पर व्याख्यान, सम्मान समारोह एवं गौ वंश प्रेमियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित था लेकिन दुर्भाग्य से मानस भवन में बिजली की अव्यवस्था के कारण सम्मानित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिक की मंशा से सिर्फ सम्मान समारोह आयोजित कर समारोह का समापन करना पड़ा जिस कारण विद्यालयीन छात्र छात्राओं एवं अतिथियों का व्याख्यान एवं गौ वंश प्रेमियों को प्रशस्ति पत्र भेंट नहीं किया जा सका।

## एसडीएम ने किया मड़वास तहसील का निरीक्षण

### व्यवस्थाओं का जायजा लेकर की वकीलों से बात, अधिकारियों को दिए कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के मड़वास तहसील में वकीलों संघ ने कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी को ज्ञापन सौंपा कर तहसील में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत की थी। जिसके बाद पूरे मामले में कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार सुबह 10 बजे मझौली एसडीएम आरपी त्रिपाठी तहसील का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और रिकॉर्ड संधारण से लेकर शिकायतों के निराकरण तक की जानकारी संबंधित कर्मचारियों से प्राप्त की।

**वकीलों ने कलेक्टर से की थी शिकायत:** एडवोकेट रणजीत मिश्रा ने आरोप लगाया कि तहसीलदार और उनके कर्मचारियों की मनमानी की वजह से लोगों का काम सही ढंग से नहीं हो पाता है। इसके अलावा लोक सेवा केंद्र से जो भी जानकारी मांगी जाती हैं, तहसील के कर्मचारी उसे समय पर नहीं देते हैं। जिसकी वजह से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**एसडीएम ने दिए कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश:** इसके बाद सोमवार को तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद एसडीएम मझौली आरपी त्रिपाठी ने जांच की। उन्होंने बताया कि लोक सेवा केंद्र और तहसील के कर्मचारियों की बीच समन्वय ठीक नहीं है।

उन्होंने दोनों विभागों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मड़वास तहसील में स्टाफ की कमी हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी जानकारी को एकत्रित कर कलेक्टर को प्रेषित करने की बात कही।

## समय सीमा बैठक सम्पन्न

### शिकायतों के समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने शिकायतों को प्राथमिकता पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यून होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि विभाग प्रमुख शिकायतों की स्वयं निगरानी रखें तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर आवश्यक प्रक्रियात्मक सुधार करें जिससे शिकायतों की संख्या में कमी आए।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। जाति प्रमाणपत्र से संबंधित समस्त आवेदनों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों पर निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर विलोपित कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कार्यालय तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों पर त्वरित कार्यवाही कर वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। पीएम जनमन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बैगा जनजाति के हितग्राहियों को पात्रतानुसार सभी योजनओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस ने निकाली नगर में तिरंगा बाईक रैली, राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिये किया प्रेरित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** 9 से 15 अगस्त तक चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय राष्ट्रीय पर्व के बारे में लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से सीधी पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा जन.जागरूकता कार्यक्रम।





स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा। जिसका उद्देश्य तिरंगा के प्रति जन.जागरूकता जगाने और पूरे हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व को मनाने तथा अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिये प्रेरित करना है।

अभियान के तहत सोमवार को प्रातः 11 बजे पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के नेतृत्व एवं उपस्थिति में तिरंगा बाईक रैली पुलिस परेड ग्राऊंड सीधी से निकाली गयी।

तिरंगा बाईक रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविन्द श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती गायत्री तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी सुश्री रोशनी ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चुरहट आशुतोष द्विवेदी, रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र वीरेंद्र कुमरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राकेश बैस, थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय, थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षण सुधांशु तिवारी, थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक दीपक बघेल, थाना प्रभारी कमर्जी उप निरीक्षक पवन सिंह, थाना प्रभारी जामोडी उप निरीक्षक विशाल शर्मा, थाना प्रभारी यातायात उपनिरीक्षक डीडी सिंह सहित लगभग 200 की संख्या में जिला पुलिस बल तिरंगा बाईक रैली में उपस्थित रहा।

तिरंगा बाईक रैली पुलिस परेड ग्राऊंड सीधी से प्रारंभ होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सम्राट चौक, अस्पताल तिराहा, पूजा पार्क, गांधी चौक, लालता चौक, पटेल पुल, ऊंची हवेली, आमहा तिराहा से कोतवाली रोड होते हुये पुलिस परेड ग्राउड में समाप्त हुई।

तिरंगा बाईक रैली के दौरान भारत माता की जय एवं देश भक्ति के नारे लगाये गये। देश.भक्ति, जन.सेवा का संदेश देते हुये सीधी पुलिस जनता की सेवा के लिये सदैव तत्पर है ये संदेश भी दिया गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 2642/न.पा.नि./राजस्व/2024 रीवा, दिनांक 08/8/24

**अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक-7 यातायात नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक S/20 क्षेत्रफल 469.67 वर्गफिट **श्री जितेन्दर सिंह पिता श्री सिगारा सिंह** को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्री अभय सिंह पिता श्री रामनिवास सिंह निवासी ग्राम पो. खैरा चोरहटा रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 22.07.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड क्रमांक S/20 के नामांतरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री जितेन्दर सिंह पिता श्री सिगारा सिंह निवासी दीन दयाल धाम कालोनी एच.आई.जी. द्वितीय 26 ढेकहा रीवा (म.प्र.) के आवेदन अनुसार भूखण्ड क्रमांक S/20 का नामांतरण श्री अभय सिंह पिता श्री रामनिवास सिंह निवासी ग्राम पो. खैरा चोरहटा रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त (राजस्व)**
**नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

# विचार

## ढाका में फिर उपजा 1975 का भयावह मंजर

वर्ष 1974 में रोनेन सेन उस वक्त युवा थे, जब बतौर राजनयिक वे ढाका ( पूर्व में डाका ) में नियुक्त हुए, मुक्ति संग्राम से प्राप्त आजादी अभी नई-नई थी और जननायक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रहरी मुजीब-उर-रहमान का शासन था। एक साल के भीतर-15 अगस्त की अलसुबह राजधानी के बीचोंबीच धानमोंडी स्थित घर में, सबसे छोटे बेटे 10 वर्षीय रसेल सहित पूरे परिवार को खत्म कर दिया गया ( यादगार स्मारक बना दिए गये उस घर में मैं कई बार गई हूं, वहां सीढ़ियों पर खून के धुंधलाते धब्बों की याद है, जो शायद मौत से बचने के प्रयासों के दौरान परिवार के सदस्यों के होंगे, प्रतीकात्मक रूप से देखा जाए तो ये बांग्लादेश के उथल-पुथल भरे इतिहास की भी गवाही देते हैं )।

जिस प्रकार सेन वह वाक्या बयान करते हैं, जिज्ञासा जगाने वाली अपनी विशेषता के साथ, कि कैसे ढाका से दिल्ली तक, उस सुबह इंदिरा गांधी को मुजीब की हत्या की खबर पहुंचाई जा सकी थी - इसमें लगभग तमाम किस्म के परिवहन साधनों का इस्तेमाल करना पड़ा, जिसमें शायद मोटरसाइकिल भी होगी- और जब सूचना उन तक पहुंची तो उस वक्त वे लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन देने के वास्ते सीढ़ियां चढ़ रही थीं। मुजीब दुनिया से जा चुके थे, साथ ही एक युवा राष्ट्र को आगे ले जाने के वादे की भी क्रूर मौत हुई। सेन कहते हैं, उस अजीब सुबह को याद करते वक्त आज भी उन पलों के अहसास से सराबोर हो जाता हूं। 49 साल पहले हुई इन जघन्य हत्याओं के पीछे कौन-सी शक्तियां थीं? और पिछले सप्ताह की 'क्रांति' का जिम्मेवार कौन? अब जबकि हम भारत में आज़ादी की एक और वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं, बांग्लादेश का परिदृश्य न केवल 1975 की खटास भरी यादों से भरा है बल्कि भावी नियति के रंगों से भी रंजित है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के तहत 17 सदस्यीय अंतरिम सरकार ने शपथ ग्रहण कर ली है, ऐसी खबरें हैं कि सीमाओं पर सीमा सुरक्षा बल थलीय रास्तों से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों को रोक रहा है। कदाचित भाजपा दुविधा में है -क्या इन्हें आने दिया जाए, क्योंकि ज्यादा वक्त नहीं हुआ जब गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें 'दीमक' करार दिया था या फिर जैसा कि असम और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मांग करते आए हैं, बिल्कुल भी अनुमति न दी जाए। तो क्या केवल बांग्लादेशी हिंदू स्वीकार्य होंगे- सनद रहे सीएए कानून केवल दक्षिण एशियाई अल्पसंख्यकों पर लागू होता है- या फिर भारत धर्म-निरपेक्ष आवामी लीग पार्टी के लोगों सहित तमाम बांग्लादेशियों के लिए अपने दरवाज़े खोल दे। कहा जा रहा है कि ऐसे लोग हवाई अड्डे के इर्द-गिर्द इस उम्मीद में छिपे हुए हैं ताकि मौका पाते ही, तेजी से हवाई जहाज पकड़कर सुरक्षित निकल पाएं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों पर चुप क्यों है भारत का विपक्ष

**योगेंद्र योगी**

**बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर भारत के विपक्षी दलों की खामोशी बताती है कि वोट बैंक की राजनीति किस हद तक हावी है। यदि ऐसे ही हमले भारत या किसी पड़ौसी देश में मुसलमानों पर हुए होते तो विपक्षी दल आसमान सिर पर उठा लेते। इजराइल के हमास आतंकियों के खिलाफ हमले में मारे गए मुसलमानों के मामले में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं के दिए गए बयान इसका प्रमाण हैं। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ियों के रास्तें में दुकानदारों से नामों के खुलासो के निर्देश पर विपक्षी दलों ने लोकतंत्र को खतरे में बताया था। विपक्षी दलों का कहना था कि इससे अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। इधर जब मुसलमान बांग्लादेश में हिन्दुओं के घर-मंदिर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान जला रहे हैं, तब विपक्षी दलों को खास चिंता नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों की हार के एक प्रमुख वजह यही दोमुंही नीति भी रही है।**







बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। पहले भी हिंदुओं को यहां निशाना बनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में जारी अनिश्चितता और अराजकता के माहौल के बीच वहां के करीब 27 राज्यों में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिम कट्टरपंथियों की भीड़ ने करीब 27 जिलों में हिंदुओं के घरों के साथ ही उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं अराजक तत्व उनका कीमती सामान भी लूट ले गए। वहां पर मंदिरों और गुरुद्वारों में तोडफ़ोड़ की जा रही है। शेख हसीना के सत्ता और देश छोडने् के बाद से वहां हालात बदतर हो गए हैं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिंदुओं की संपत्तियों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंदिर हो या गुरुद्वारा किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़, दिनाजपुर, बोगुरा, रंगपुर, शेरपुर किशोरगंज, सिराजगंज, मुगरा, नरैल, पश्चिम जशोर, पटुआखली, दक्षिण-पश्चिम खुलना, मध्य नरसिंगड़ी, सतखीरा, तंगैल,फेनी चटगांव, उत्तर-पश्चिम लक्खीपुर और हबीगंज जैसी जगहों पर कट्टरपंथिओं का आतंक जारी है। वह यहां रहने वाले हिंदुओं पर न सिर्फ हमले कर रहे हैं बल्कि उनकी संपत्तियों को भी लूट कर ले जा रहे हैं। उग्र भीड़ ने पंचगढ़ जिले में 22, झीनैदाह में 20 घरों और जैसोर में 22 दुकानों को निशाना बनाया। कट्टरपंथियों ने ढाका में हिंदू म्यूजिशियन राहुल आनंद के घर में न सिर्फ लूटपाट की बल्कि वहां आग भी लगा दी। राहुल आनंद, उनकी पत्नी और उनका बेटा वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे, लेकिन हमलावरों ने उसके घर नें जमकर लूटपाट की। भीड़ उनके घर से महंगी चीजें चुरा कर ले गई, जिसमें राहुल का 3,000 से ज्यादा हस्तनिर्मित संगीत वाद्ययंत्रों का बड़ा कलेक्शन भी शामिल था। खुलना डिविजन स्थिति मेहेरपुर में करीब 4 हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। एक इस्कॉन केंद्र जला दिया गया, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी की मूर्तियां शामिल हैं। राजधानी ढाका में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में भीड़ ने धावा बोल दिया और वहां पर जमकर तोडफ़ोड़ की। इस सांस्कृतिक केंद्र को मार्च 2010 में खोला गया था। यहां पर सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन के जरिए योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय गायन जैसे भारतीय नृत्यों के जरिए भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दिया जाता है। केंद्र सरकार का कहना है कि भारत हर स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश की स्थिति चिंताजनक है। भारत सरकार वहां के मौजूदा तंत्र के साथ संपर्क में है। हिन्दुओं पर इतना अत्याचार होने के बावजूद उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाना तो दूर इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों ने इसकी तीखी आलोचना तक नहीं की। इस आलोचना में भी विपक्षी दलों को मुस्लिम वोट बैंक खतरे में नजर आता है। साफ जाहिर है कटु आलोचना करने का मतलब है कट्टरपंथी मुसलमानों की आलोचना करना। विपक्षी दलों के लिए ऐसा करना आसान नहीं है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को अनिवार्य रूप से नेमप्लेट लगाने के फैसले पर विपक्षी दलों ने जमकर हायतौबा मचाई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा था कि जैसे दिया बुझने से पहले फडफ़ड़ाता है, ये सांप्रदायिक राजनीति का दिया फडफ़ड़ा रहा है इसलिए ऐसे फैसले ले रहे हैं। जेडीयू का कहना था कि धर्म और जाति के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि क्या हिंदुओं का बेचा गया मीट, दाल-चावल बन जाएगा? ठीक वैसे ही कोई अल्ताफ या रशीद आम-अमरूद बेच रहा है, वो गोश्त तो नहीं बन जाएगा। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा था कि पश्चिमी उप्र व मुजफ्फरनगर जिला के कांवड़ यात्रा मार्ग में पडने् वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश एक गलत परम्परा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। मुसलमानों के हर मुद्दे पर संविधान की दुहाई देने वाले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे घोर अत्याचारों पर लचर बयान देकर इतिश्री कर ली। इसके विपरीत ओवैसी ने कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस की कटु आलोचना की थी। ओवैसी ने इसकी तुलना दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद और जर्मनी में हिटलर के तानाशाही फैसले से करते हुए कहा कि इसे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद कहा जाता था और हिटलर की जर्मनी में इसका नाम जूडेनबॉयकॉट था। हिन्दुओं के हितों के मुद्दों पर विपक्षी दलों का रवैया पूर्व में भी ऐसा ही रहा है। कनाडा में एडमोंटन शहर में स्थित बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर में तोडफ़ोड़ की गई और दीवार पर पेंट कर दिया गया। कनाडा में पहले भी हुए मंदिरों पर हमले होते रहे हैं। खालिस्तान समर्थक यहां अक्सर हिंदू मंदिरों को निशाना बनाते हैं। अगस्त 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया था और खालिस्तानी जनमत संग्रह का पोस्टर लगा दिया गया था। इसके अलावा भी ब्रिटेन, अमरीका सहित कई देशों में हिन्दुओं और उनके धार्मिक-व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर हमले होते रहे हैं।

इसके बावजूद विपक्षी दलों ने हिन्दु विरोधियों को कभी निशाने पर नहीं लिया। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी नेताओं के बयान तक नजर नहीं आते। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अमरीका यात्रा के दौरान भाजपा के कारण भारत के संविधान को खतरे में बताया था। वही राहुल गांधी बांग्लादेश में हिंदुओं के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। खास बात यह है कि बांग्लादेश में यह हालत तब है जबकि भारत ने कदम-कदम पर उसका साथ दिया है। भारत ने न सिर्फ पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों का शिकार बांग्लादेशियों को आजादी दिलाई बल्कि बांग्लादेश को पैरों पर खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बांग्लादेश भारत की बिजली और अन्य मदद पर निर्भर है। भारत का बांग्लादेश में अरबों का निवेश है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2022-23 के बीच दोनों देशों के बीच का कुल व्यापार 15.93 बिलियन अमेरिकी डालर रहा है। ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देश कई प्रोजेक्ट्स पर संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। बांग्लादेश वर्तमान में 1160 मेगावाट बिजली भारत से आयात कर रहा है। दोनों देशों के बीच भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन बेहद अहम है। भारत ने पिछले एक दशक में बांग्लादेश को सड़क, रेलवे, बंदरगाहों के निर्माण के लिए हजारों करोड़ रुपये दिए हैं। भारत के हाथ खींचने से बांग्लादेश के कई प्रोजेक्ट्स रुक सकते हैं। बांग्लादेश पहले से ही चीन का कर्जदार है। चीन का कर्जा इतना बढ़ चुका है कि चीन अब बिना कुछ लिए मदद नहीं करने वाला है। ऐसे में कट्टरपंथियों के हिन्दुओं पर हमले से बांग्लादेश से भारत के संबंधों में खटास आना तय है। इसका खामियाजा बांग्लादेश को भुगतना पड़ेगा।

# पेरिस ओलंपिक में भारत के हाथ नहीं आया एक भी स्वर्ण पदक, छह पदक पाकर खुश हैं हम!

**आदर्श प्रकाश सिंह**

पेरिस में ओलंपिक खेलों का समापन हो गया है। भारत के लिहाज से 2024 का यह ओलंपिक खट्टी मीठी यादों वाला कहा जाएगा। देशवासी उम्मीद जता रहे थे कि भारत इस बार दहाई के अंक तक पदक हासिल करेगा। यानी पिछले टोक्यो ओलंपिक में सात पदक से ज्यादा हम पेरिस में जीतेंगे। मगर, अनुमान और भविष्यवाणी हमेशा सही साबित नहीं होते हैं। सबसे बड़ी निराशा तो यह कि हमारे किसी खिलाड़ी अथवा एथलीट ने स्वर्ण पदक नहीं जीता। यह किसी दुर्भाग्य से कम नहीं है। इस कारण पदक तालिका में भारत काफी नीचे 69 वें स्थान पर रहा। एक भी स्वर्ण पदक मिल जाता तो हम थोड़ा ऊपर दिख जाते। भाला फेंक में नीरज चोपड़ा से स्वर्ण की पूरी उम्मीद थी लेकिन वह भी रजत पदक ही ला सके। इस प्रतियांगिता का स्वर्ण पदक पाकिस्तान के अरशद नदीम के नाम रहा। इस वजह से पाकिस्तान एक स्वर्ण पदक लेकर पदक तालिका में भारत से ऊपर हो गया। भारत को कुल छह पदक मिले जिनमें से एक रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। इसमें हॉकी टीम को मिला कांस्य पदक भी है। हालांकि, पेरिस में भारतीय हॉकी टीम ने स्वर्ण के लिए पूरा जोर लगाया। पर, सेमीफाइनल मुकाबले में जर्मनी से पराजित होने के बाद यह आस भी टूट गई। वर्ष 1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत अभी तक इससे वंचित है। संतोष इसी बात का है कि लगातार दो ओलंपिक टोक्यो और पेरिस में हमारी टीम ने तीसरे स्थान पर रह कर कांस्य पदक हासिल कर लिया। खाली हाथ लौटने से बेहतर है कि कुछ मिल गया। इसमें कोई शक नहीं कि पूरी भारतीय टीम ने बहुत अच्छी हॉकी खेली। ओलंपिक में 52 साल के बाद ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराया। इससे देश भर को सोने की उम्मीद बन गई थी। गोलकीपर पीआर श्रीजेश की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। इस खिलाड़ी ने न जाने कितने गोल बचा कर भारत की







जीत में योगदान दिया। यह उनका आखिरी टूर्नामेंट था। चार ओलंपिक खेल चुके श्रीजेश ने अब संन्यास ले लिया है। कसक यह रह गई कि स्वर्ण पदक से उनकी विदाई नहीं हो सकी। निशानेबाजी में मनु भाकर ने दो पदक जीत कर इतिहास रच दिया। तीसरे पदक से वह चूक गई वर्ना भारत के खाते में एक और पदक जुड़ जाता। पूरा देश आज हरियाणा की इस लड़की पर नाज कर रहा है। भाकर ने शूटिंग में व्यक्तिगत रूप से तो कांस्य जीता ही, सरबजोत के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल की मिक्स्ड स्पर्धा में भी यही सफलता दोहरा दिया। इस स्पर्धा में एक और कांस्य पदक महाराष्ट्र के स्वप्निल कुसाले ने दिलाया। इस तरह भारत को तीन कांस्य पदक तो शूटिंग में ही प्राप्त हो गए। महिला पहलवान विनेश फोगाट के साथ हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने इस ओलंपिक में भारत को बड़ा सदमा दे दिया। पूरा देश इस घटना से हैरान-परेशान है। वह फाइनल मुकाबले से पहले अधिक वजन होने के कारण अयोग्य ठहरा दी गई वर्ना एक पदक तो मिलना तय ही था। विनेश ने बड़ी बहादुरी से फाइनल तक का सफर पूरा किया था। मगर, भाग्य ने उसका साथ नहीं दिया। अब उसका मामला खेल पंचाट के सामने है। जिसका निर्णय अब 13 अगस्त को आएगा। विनेश का दावा है कि उसे रजत पदक दिया जाना चाहिए। देश के जाने माने अधिवक्ता हरीश साल्वे ने भी उसकी तरफ से केस लड़ा है। देखना है कि निर्णय क्या आता है। इस बीच विनेश ने कुश्ती से संन्यास का ऐलान भी कर दिया है। कुश्ती में एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सेहरावत ने पहली बार ओलंपिक में भाग लिया और उसने कांस्य पदक जीत कर देश की लाज रख ली। 21 साल के अमन ओलंपिक में पदक जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी रहे। अन्य महिला पहलवानो को कोई पदक नहीं मिला। आखिरी दिन रितिका हुड्डा ने थोड़ी आस जगाई लेकिन क्वार्टर फाइनल में दमखम दिखाने के बाद वह शीर्ष वरीयता प्राप्त किर्गिस्तान की पहलवान से हार गई। उधर, निशा दहिया 68 किलोग्राम वर्ग में चोट के कारण जीता हुआ क्वार्टर फाइनल मैच अंतिम 33 सेकंड में 10-8 से हार गईं। हार के बाद निशा की आंखों से आंसू निकल आए। भारत के कई खिलाड़ी पदक से इसलिए भी चूक गए क्योंकि वे चौथे स्थान पर रहे। आठ खिलाड़ियों ने मामूली अंकों के साथ तीसरे पर न आकर चौथा स्थान हासिल किया। यदि ये तीसरे नंबर पर आ जाते तो कम से कम कांस्य पदक तो मिल ही जाता। इनमें मनु भाकर, मीरा बाई चानू, दीपिका कुमारी, पीवी सिंधू आदि कुछ नाम शामिल हैं। मुक्केबाजी में देश को कोई पदक नहीं मिला। निकहत जरीन से निराश किया। वहीं, टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बारेगेहान सेमीफाइनल में पराजित हो गई। यही हाल बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन का रहा। वह निश्चित रूप से पदक जीतने के करीब थे। मगर, दुर्भाग्य से इससे वंचित रह गए। सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद पदक की उम्मीद बन जाती है।

# शादीशुदा बॉयफ्रेंड ने गर्लफ्रेंड की हत्याकर लाश घाटी में फेंकी

## फिर खुद की आत्महत्या, लिव इन में रह रहे थे, मकान मालिक ने दिया साथ



**मीडिया ऑडीटर, कवर्धा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले की युवती की लाश केशकाल घाटी में मिली थी। पुलिस ने इस खौफनाक मर्डर मिस्ट्री का खुलासा कर दिया है। युवती को उसके शादीशुदा बॉयफ्रेंड ने ही मौत के घाट उतारा था और मकान मालिक के साथ मिलकर कार से कोंडागांव के केशकाल ले जाकर घाटी में फेंक दिया था।

इसके बाद आरोपी प्रेमी ने बेमेतरा के शिवनाथ नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। दरअसल, कवर्धा के युवती की लाश केशकाल घाटी में मिलने के बाद तत्काल पुलिस हरकत में आई और सबसे पहले दुर्ग में रहने वाले उसके लिव इन पार्टनर को शक के दायरे में रखा।

**कॉल डिटेल्स के रिकार्ड से खुलासा:** इस बीच पुलिस को कॉल डिटेल्स के रिकार्ड में एक और युवक का पता चला, जिससे आरोपी युवक की लगातार बात हो रही थी। पुलिस ने अपनी जांच में सबसे पहले मुख्य आरोपी के साथी को उठाया, जिससे इस पूरे हत्याकांड का खुलासा हुआ।

**जानिए क्या है मामला:** मुख्य आरोपी के साथी रघुनाथ साहू ने पुलिस को बताया कि आशीष उपाध्याय (43) और सपना विश्वकर्मा (39) कबीरधाम के लोलेसरा गांव स्थित उसके मकान में पिछले चार महीने से किराए पर रह रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर अक्सर झगड़ा हुआ करता था।

आरोपी आशीष सपना को अपने रास्ते से हटाना चाहता था, आरोपी आशीष उपाध्याय पहले से शादीशुदा था जो ज्यादातर समय फैमिली के साथ भिलाई में रहता था। 1 अगस्त को दोनों के बीच फोन में काफी झगड़ा हुआ। फिर आधी रात आशीष उपाध्याय भिलाई से कवर्धा युवती के घर पहुंचा।

**मकान मालिक को दिया पैसों का लालच:** दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ और थोड़ी देर बाद घर से युवती की आवाज आना बंद हो गई। मकान मालिक रघुनाथ घर का दरवाजा खटखटाया तो आशीष दरवाजा खोला और घटना के बारे में बताया। फिर आरोपी आशीष ने मकान मालिक को घटना को छिपाने और साथ देने के लिए पैसों का लालच दिया।

मकान मालिक तैयार हो गया। दोनों ने 2 अगस्त की रात युवती की लाश को कार में डालकर केशकाल घाट ले गए, जहां उन्होंने घाट के नीचे लाश को ठिकाने लगाया और फिर रातों रात वापस कवर्धा पहुंचे। रघुनाथ को छोड़कर आरोपी आशीष उपाध्याय वापस भिलाई लौट गया।

**लिव इन में रह रहे थे दोनों:** इधर परिजनों ने 8 अगस्त को दशरंगपुर चौकी में सपना विश्वकर्मा की लापता होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने जब इसकी जांच की तो आशीष उपाध्याय और सपना विश्वकर्मा के लिव इन में रहने की बात का पता चला।

फिर पुलिस उस घर में पहुंची जहां दोनों किराये से रहते थे। मकान मालिक ने पहले तो पुलिस को गोल मोल जवाब दिया पुलिस को मकान मालिक के बातों से शक होने लगा। पुलिस ने आरोपी आशीष को फोन किया और थाना आने को कहा।

**नदी में कूदकर की आत्महत्या:** आरोपी समझ गया कि पुलिस को मामले की भनक लग चुकी है। आरोपी ने मकान मालिक को फोन किया तो उसने पुलिस आने की बात बताई। जिसके बाद आरोपी आशीष उपाध्याय ने पकड़े जाने के डर में बेमेतरा के शिवनाथ नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।

**मकान मालिक ने जुर्म कबूल किया:** बेमेतरा पुलिस ने आशीष की लाश नदी से बरामद की। इधर पुलिस ने कॉल डिटेल से आरोपी का मकान मालिक से लगातार बात होने का सबूत मिला तो पुलिस ने मकान मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने जुर्म कबूल कर लिया।

**पकड़े जाने के डर से की आत्महत्या:** दशरंगपुर चौकी प्रभारी अरविंद साहू ने बताया कि आशीष उपाध्याय ने सपना विश्वकर्मा की हत्या की और अपने साथी रघुनाथ साहू के मदद से लाश को केशकाल घाट में फेंक दिया था। वहीं आरोपी आशीष उपाध्याय ने पकड़े जाने के डर से 8 अगस्त को शिवनाथ नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से छात्रावास अधीक्षक की मौत

## छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, दोनों स्टूडेंट की हालत गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में नेशनल हाईवे 30 पर सोमवार को एक माजदा वाहन और बाइक की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार छात्रावास अधीक्षक सुखराम मरकाम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ जा रहे दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक सुखराम मरकाम, भंडारसिवनी बुरकाभाटा के रहने वाले थे। वह आश्रम के अधीक्षक के रूप में कार्यरत थे। सुखराम आश्रम के दो बीमार बच्चों को इलाज के लिए लंजोड़ा अस्पताल ले जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

**दोनों छात्रों का इलाज जारी:** हादसे में घायल हुए दोनों छात्र, गौरव मंडावी और मिथलेश की हालत गंभीर बनी हुई है। छात्रों को फरसगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

थाना प्रभारी फरसगांव नरेश साहू ने कहा कि वाहन की चपेट में आने से हादसा हुआ है। एक चौथीं और एक पहली कक्षा का छात्र है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में बीएससी छात्रा की मौत

### कॉलेज जाते समय पिकअप ने मारी टक्कर, मां-बाप की इकलौती बेटी थी, ड्राइवर गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, बालोद निप्र।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सड़क हादसे में बीएससी की छात्रा की मौत हो गई। हादसा सोमवार दोपहर 12 बजे अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम परसतराई और बोरगाहन गांव के बीच हुआ। जहां पिकअप वाहन ने छात्रा को पीछे से टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार परसतराई निवासी 19 वर्षीय याचना देशमुख अपने घर से साइकिल पर अर्जुंदा स्थित कॉलेज जा रही थी। उसी दौरान, चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरी से ग्राम कुर्दी फरसी खदान की ओर जा रहे एक पिकअप वाहन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए याचना को पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर से याचना की मौके पर ही मौत हो गई।

**इकलौती बेटी थी याचना:** हादसे के बाद पिकअप वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में सवार चालक, उसकी पत्नी और बच्चा सुरक्षित है।

याचना देशमुख अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी। पिता टिकेश्वर देशमुख किसानी का काम करते हैं और उसका एक छोटा भाई भी है।

**आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार:** बेटी की मौत से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। अर्जुंदा पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है और छात्रा के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

## घर में घुसकर चाकू से हमला

### आदतन अपराधी निकला आरोपी, कई थानों में 16 मामले हैं दर्ज




**मीडिया ऑडीटर, भिलाई निप्र।** दुर्ग जिले के भिलाई नगर पुलिस ने बजरंग चौक रुआबांधा स्थित एक मकान में घुसकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आदतन अपराधी किस्म का है।

उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में 16 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी पारस मंडल उर्फ बिट्टू (25) बजरंग चौक का निवासी है। दुर्गेश जोशी (16) ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि, 10 अगस्त की रात साढ़े 8 बजे वो लोग अपने घर पर थे। इसी दौरान पारस मंडल उर्फ बिट्टू ने घर में घुसकर दुर्गेश पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया।

इसके बाद घर के लोग दुर्गेश को लेकर थाने पहुंचे। दुर्गेश ने भिलाई नगर पुलिस में पूरी जानकारी दी। पुलिस ने उसका मुलाहिजा कराया और उसके बाद आरोपी बिट्टू के खिलाफ धारा 296, 333,109 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

**पुलिस के डर से भाग गया था आरोपी:** मामला दर्ज करने के बाद पुलिस की एक टीम रुआबांधा पहुंची। वहां पता चला कि बिट्टू घर से भाग गया है। इसके बाद पुलिस की टीम ने जगह-जगह छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली की आरोपी अपने घर रात में आया है। इसके बाद पुलिस ने उसे तड़के छापेमारी कर गिरफ्तार किया। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# पति बोला-पत्नी ने बिना जानकारी दिए 10-12 बार कराया अबॉर्शन

## गैर मर्द से बनाए अवैध संबंध, हाईकोर्ट ने इसे आधार मानकर दिया तलाक




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पति को बिना बताए पत्नी ने 10 से 12 बार अबॉर्शन करवा लिया। उस पर गैर मर्द से अवैध संबंध बनाने का आरोप लगा है। पति नौकरी करने के लिए घर से बाहर रहता था।बिलासपुर हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस रजनी दुबे की डिवीजन बेंच ने इसे आधार मानकर तलाक की अर्जी मंजूर कर ली है।

दरअसल, साल 1996 में दुर्ग जिले में दोनों की हिन्दू रीति-रिवाज से शादी हुई थी। 2005 तक दोनों पति-पत्नी साथ रह रहे थे। इस दौरान पति अपने जॉब के सिलसिले में महाराष्ट्र चला गया। वहां से उसका केरल ट्रांसफर हो गया। इस बीच 2006 में बेटी का जन्म हुआ।

इधर, पति और उसके परिजनों ने आरोप लगाया है कि, महिला का किसी दूसरे युवक के साथ अवैध संबंध है। विवाद के बाद दोनों अलग रहने लगे। पति ने दुर्ग के फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए आवेदन लगाया। लेकिन, कोर्ट ने मौखिक साक्ष्य को निराधार मानते हुए तलाक के आवेदन को खारिज कर दिया है।

**फैमिली कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती:** फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ पति ने हाईकोर्ट में अपील की। डिवीजन बेंच को बताया गया कि पत्नी का गैर मर्द से संबंध है। इसके बाद भी वह पत्नी से समझौता करने के लिए तैयार था। लेकिन, उसकी जानकारी के बिना पत्नी ने 10 से 12 बार अबॉर्शन कराया। जिसके साक्ष्य के बतौर कोर्ट में मेडिकल रिपोर्ट भी पेश किया गया।

**काम करने वाली लड़की का बयान भी रहा अहम:** इस मामले की सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच को यह भी बताया गया कि, घर में काम करने वाली लड़की ने अपने बयान में कहा है कि, एक बार रात में एक चाचा आए, तब मैम और चाचा ने उसे बरामदे में सोने के लिए कहा। फिर वो दोनों कमरे के अंदर गए और दरवाजा बंद कर लिया। आवेदक के भाई ने कहा कि, उसकी भाभी केरल से आ रही थी, तो वह रात 12 बजे उसे लेने स्टेशन गया था, जहां उसने देखा कि उसकी भाभी दूसरे व्यक्ति के साथ जा रही थी। पीछा करने पर पता चला कि घर पहुंचने के बाद दोनों कमरे के अंदर चले गए।

**अब पति-पत्नी के बीच सुलह के रास्ते बंद- हाईकोर्ट:** हाईकोर्ट ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद माना कि, अब पति-पत्नी के बीच सुलह के रास्ते बंद हो गए हैं। इस आधार पर कोर्ट ने पति की तलाक की अपील को स्वीकार कर लिया है।

# पत्नी का गला काटकर पति ने लगाई फांसी

## पुलिस बोली- कारण स्पष्ट नहीं, पहले भी कर चुका था खुदकुशी की कोशिश



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ निप्र।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में पति ने टंगिया से पत्नी का गला काट दिया। इसके बाद खुद भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। अगले दिन सोमवार सुबह पड़ोसियों ने दोनों के शव देखे तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, कुडुमकेला नवाडीह निवासी पंचनाम मांझी (40) अपनी पत्नी धरमकुमारी मांझी (34) और 12 व 5 साल के 2 बच्चों के साथ रहता था। जबकि उसकी मां पड़ोस में रहती है। रविवार रात दोनों बच्चे अपनी दादी के पास सोने के लिए गए थे।

**बिस्तर पर पत्नी का खून से लथपथ पड़ा था शव:** सोमवार सुबह जब काफी देर तक पंचनाम के घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसी छत पर गए और वहां से नीचे जाकर देखा। अंदर कमरे में बिस्तर पर धरमकुमारी मांझी का शव खून से लथपथ पड़ा था। वहीं पंचनाम का शव बगल में ही म्यार से फंदे पर लटका हुआ था।

**पति की मानसिक स्थिति सही नहीं:** पुलिस इसे लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि, पंचराम मांझी की दिमागी हालत पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। वो शराब भी अधिक पी रहा था। पत्नी की उसने किन कारणों से हत्या करने के बाद अपनी जान दी, इसका पता नहीं चल सका है।

**पहले भी सुसाइड की कोशिश:** धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि, पंचराम ने पहले भी किसी कारण से सुसाइड करने की कोशिश की थी। तब उसे बचा लिया गया था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि, सोते समय पत्नी पर पंचराम ने हमला किया है। टंगिया जब्त कर फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## नेशनल हाईवे पर मजदूरों से भरी पिकअप पलटी

### मिनी ट्रक से टकराने के बाद हुआ हादसा, 15 से अधिक मजूदरों को आई चोटें



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा निप्र।** अंबिकापुर-रायगढ़ मुख्यमार्ग पर बिशुनपुर के पास सोमवार को मजदूरों से भरी पिकअप तेज रफ्तार में मिनी ट्रक से टकराकर पलट गई। हादसे में पिकअप में सवार 15 मजदूरों को चोटें आई हैं। ये सभी रोपा लगाने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। गंभीर रूप से घायल दो मजदूरों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

दरअसल, ग्राम जजगा, जामडीह से सोमवार को खेत में धान रोपाई के लिए 18 से 20 मजदूरों को लेकर पिकअप क्रमांक यूपी 64 एटी 2752 ग्राम मंगारी जा रही थी। नेशनल हाइवे-43 पर बिशुनपुर के पास पिकअप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार में पिकअप सामने से आ रही मिनी ट्रक से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई। ड्राइवर नशे की हालत में था।

**सड़क पर गिरे मजूदर, आई चोटें:** हादसे में पिकअप सवार मजदूर सड़क पर गिर गए और सभी को चोटें आई हैं। हादसे के बाद घायलों के बीच चीख-पुकार मच गई। सूचना पर डायल-112 की टीम के दो वाहन मौके पर पहुंचे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मजदूरों का इलाज जारी है।

हादसे में कुछ मजदूरों को अंदरूनी सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल 2 मजदूरों को अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई गई है।

**हादसे के बाद भाग निकला चालक:** नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने पिकअप चालक की पिटाई कर दी। पुलिस एवं स्थानीय लोगों के बीच-बचाव के बाद चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। ग्रामीण इलाकों में रोपाई के लिए मजूदरों का परिवहन पिकअप और मालवाहकों से किया जाता है, जिसके कारण हादसे की आशंका बनी रहती है।

### जिले के शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ

एमसीबी/12 अगस्त 2024/ भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विकसित "भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र" की थीम पर दिनांक 12 अगस्त 2024 को नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जिले के कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार से एमसीबी जिले के जनपद पंचायत कार्यालय, मनेन्द्रगढ़ व समाज कल्याण विभाग व सभी प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियो व सरकारी कर्मियों को आजीवन शराब सेवन नहीं करने और किसी गतिविधि में संलिप्तता नहीं होने की

## सीजी में बही मासूम का एमपी में मिला शव

### टॉयलेट करने गई बच्ची का फिसला पैर, केवई नदी में बहकर बिजुरी पहुंची

**मीडिया ऑडीटर, मनेंद्रगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के बिछिया टोला में शनिवार शाम केवई नदी में 4 साल की बच्ची डूब गई। जिसका 2 दिन बाद मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित तरसिली में शव मिला है। पैर फिसलने के कारण मासूम केवई नदी में डूब गई थी। मध्यप्रदेश की बिजुरी पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, केल्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम बिछियाटोला निवासी राजकुमार तिवारी का केवई नदी के पास खेत है। शनिवार शाम उनकी पत्नी संगीता अपनी बड़ी बेटी के साथ खेत में रोपा लगा रही थी। वहीं खेत के पास ही उनकी बेटी सरस्वती दो बहनों के साथ खेल रही थी।

**टॉयलेट के लिए गई, पैर फिसलने से डूबी:** शाम करीब 4 बजे सरस्वती टॉयलेट के लिए केवई नदी के पास गई थी। वहां वह पैर फिसल जाने से केवई नदी में गिरकर बहने लगी। उसे बहते देख छोटी बहनों ने शोर मचाया और मां को इसकी जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने पर एमसबीबी और कोरिया जिले के आपदा प्रबंधन टीम और गोताखोर मौके पर पहुंचे।

रविवार को पूरे दिन सरस्वती की तलाश की जाती रही। घटनास्थल और आसपास करीब आधा किलोमीटर दूर तक एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम ने सर्चिंग की, लेकिन सरस्वती का पता नहीं चला। सोमवार को सुबह फिर से टीम मौके पर पहुंची थी।

**मध्यप्रदेश में मिला बच्ची का शव:** सोमवार को सुबह घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर मध्यप्रदेश के अनूपपुर के बिजुरी थाना क्षेत्र के ग्राम तरसिली में पास नदी में लोगों ने बच्ची का शव देखा। सूचना मनेंद्रगढ़ पुलिस को दी गई। बिजुरी पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना से बच्चे के परिजन सदमे में हैं।

# नेत्रहीन विद्यालय के छात्रों ने ली नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किया शपथ




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आज नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में रैली का आयोजन कर नशे से दूर रहने हेतु शपथ ली गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार व उप संचालक समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों द्वारा रैली निकाली गई व शपथ ली गई कि हम स्वयं नशे से दूर रहेंगे व समाज को भी नशे से दूर रहने हेतु जागरूक करेंगे तथा नशा मुक्त भारत बनाते हुए देश प्रगति में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में छात्र परमेश्वर साहू ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में 26 जून को नारकोटिक्स दिवस मनाने का प्रावधान किया है। नशे का दुष्प्रभाव हमारे देश व समाज को पतन की ओर ले जाता है। इससे बचने का प्रयास करना चाहिए। आज हम थोड़ी सी खुशी के लिए नशा कर अपने कल को बर्बाद कर देते हैं जिसका अंत बहुत ही दुखद होता है। छात्र सतीश पांडेय ने कहा कि नशा युवाओं के लिए जहर के समान है आज युवा पीढ़ी विभिन्न प्रकार का नशा कर अपना जीवन नर्क बना रही है। नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ रही है हमारा समाज किस ओर जा रहा है हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। शिक्षक राकेश गुप्ता ने कहा कि सरकार को सभी के सहयोग से समाज को नशामुक्ति के संबंध में और अधिक जागरूकता अभियान चलाना चाहिए और इस अभियान में समाज के हर वर्ग का सहयोग हो। कार्यक्रम का संचालन छात्र आयुष कुमार ने किया व आभार प्राचार्य संतोष चढ़ोकर ने किया।

## जिले में अब तक 744.6 मिमी औसत वर्षा की गयी दर्ज

**एमसीबी निप्र।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 01 जून से 12 अगस्त 2024 तक 744.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 846.5 मिमी मनेन्द्रगढ़ तहसील में तथा न्यूनतम 698.9 मिमी कोटाडोल तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील केल्हारी में 827.0 मिमी, तहसील चिरमिरी में 738.8 मिमी, तहसील खड़गवां में 652.6 मिमी, तहसील भरतपुर में 703.9 मिमी तथा तहसील कोटाडोल में 698.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## महिला डॉक्टर की हत्या मामले में प्रियंका गांधी की ममता सरकार से अपील, बोलीं- महिला सुरक्षा देश में बहुत बड़ा मुद्दा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को कहा कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को त्वरित और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा देश में बहुत बड़ा मुद्दा है और इस?के लिए ठोस प्रयास की जरूरत है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अंदर कथित रूप से बलात्कार तथा हत्या की शिकार हुई महिला चिकित्सक का शव शुक्रवार को सुबह संगोष्ठी कक्ष में मिला था। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स% पर पोस्ट किया, ''कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना दिल दहलाने वाली है। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा देश में बहुत बड़ा मुद्दा है और इसके लिए ठोस प्रयास की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''मेरी राज्य सरकार से अपील है कि इस मामले में त्वरित और सख्त से सख्त कार्रवाई हो और पीड़िता के परिवार और साथी डॉक्टरों को न्याय मिले।

आपको बता दें दिल्ली स्थित एम्स का रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) सोमवार सुबह फोर्डा की देशव्यापी हड़ताल में शामिल हो गया, जिससे ओपीडी और रोगी वार्ड सहित सभी गैर-जरूरी सेवाएं निलंबित कर दी गईं। हालांकि एम्स आरडीए के महासचिव डॉ. रघुनंदन दीक्षित ने कहा कि आपातकालीन देखभाल सेवा जारी रहेगी, ताकि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को परेशानी न हो और उन्हें उपचार मिल सके। कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी के दौरान परास्नातक प्रशिक्षु डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के विरोध में फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) ने हड़ताल का आह्वान किया था। जहां कई सरकारी अस्पतालों ने रविवार को ही हड़ताल की घोषणा कर दी थी, वहीं एम्स दिल्ली ने आज सुबह करीब 11.30 बजे हड़ताल का ऐलान किया। मौजूदा जांच की विश्वसनीयता पर चिंता जताते हुए रेजिडेंट डॉक्टरों ने मामले में पारदर्शी जांच की मांग की है तथा मामले को तत्काल सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया है। डॉ. दीक्षित ने कहा, हम यह भी चाहते हैं कि पीड़ित के शोक संतप्त परिवार को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। यह नृशंस घटना उस स्थान पर घटित हुई जहां लोगों की जान बचाई जाती है और उन्हें उपचार प्रदान किया जाता है। यह घटना सेवा प्रदान करने वाले लोगों के समक्ष मौजूद गंभीर खतरों की याद दिलाती है।

दिल्ली एम्स के आरडीए ने एक बयान में कहा, इस जघन्य कृत्य पर हमारा दिल गहरे दुख और सदमे से भरा हुआ है। इतना समय बीतने के बावजूद, न्याय का पहिया धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। इस भयानक अपराध की जांच से अब तक कोई जवाब नहीं मिल पाया है, और दृढ़ता की कमी से हमारी निराशा और हताशा और बढ़ गई है।卐 इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी के 10 सरकारी अस्पतालों ने सोमवार को फोर्डा के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी, जिससे सभी गैर जरूरी सेवाएं ठप हो गईं।

## जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में तीसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग के कोकरनाग में तीसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी है। अनंतनाग में शनिवार (10 अगस्त) को सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। सेना और आतंकियों के बीच हुई गोलीबारी में हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा शहीद हो गए थे। फायरिंग में 2 नागरिक भी घायल हुए थे, इनमें से एक नागरिक की रविवार को अस्पताल में मौत हो गई थी। रविवार (11 अगस्त) शाम को उधमपुर में भी सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। उधमपुर में 3-4 आतंकियों की मूवमेंट देखी गई थी। सेना के मुताबिक, 6 अगस्त को ये आतंकी भाग निकले थे, लेकिन एक बार फिर इनको ट्रैप बनाकर घेर लिया गया है। किश्तवाड़ जिले में रविवार की सुबह जंगल में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान दोनों तरफ से कुछ देर के लिए फायरिंग हुई थी। इलाके में और सुरक्षा बल भेजा गया है। आतंकियों की तलाश जारी है।

## पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (12 अगस्त) को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक लगा दी। साथ ही दिल्ली पुलिस और यूपीएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई कर रहे जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा- निचली अदालत, खेडकर को राहत देने से इनकार करते हुए उनके खिलाफ लगे आरोपों में उलझ गई और याचिका पर सही ढंग से विचार नहीं किया।

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का फरमान, 19 अगस्त तक जमा करें अवैध हथियार

**ढाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन ने सोमवार को प्रदर्शनकारियों से 19 अगस्त तक सभी अवैध और अनधिकृत हथियार जमा करने को कहा, जिनमें हालिया हिंसा के दौरान एजेंसियों से लूटी गई राइफल भी शामिल हैं। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई। 'द डेली स्टार' अखबार की खबर के अनुसार, हुसैन ने कहा कि अगर ये हथियार पास के थानों में नहीं जमा किए जाते तो अधिकारी तलाशी अभियान चलाएंगे और अगर किसी के पास अनधिकृत शस्त्र पाए जाते हैं तो उसके खिलाफ आरोप दर्ज किए जाएंगे। हुसैन यहां 'कम्बाइन्ड मिलिट्री हॉस्पिटल' में अर्धसैनिक बल 'बांग्लादेश अंसार' के सदस्यों से मिलने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।



**सामने आए हैं वीडियो:** एम सखावत हुसैन ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों समेत करीब 500 लोग मारे जा चुके हैं और कई हजार लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, ''एक युवक को वीडियो में 7.62 एमएम की राइफल ले जाते हुए देखा गया था। इसका मतलब है कि राइफल लौटाई नहीं गई है। अगर आपने इसे (डर की वजह से) जमा नहीं किया तो किसी और के माध्यम से जमा करा दो।''

**खत्म हुई पुलिस की हड़ताल:** इस बीच यहां यह भी बता दें कि, बांग्लादेश में पुलिस अधिकारी अंतरिम सरकार की तरफ से उनकी ज्यादातर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिए जाने के बाद हड़ताल खत्म करने पर सहमत हो गए हैं। मीडिया में आई खबरों में इस बारे में जानकारी दी गई है। बांग्लादेश पुलिस अधीनस्थ कर्मचारी संघ (बीपीएसईए) ने नौकरी में विवादित आरक्षण प्रणाली को लेकर शेख हसीना सरकार के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के दौरान पुलिस तथा विद्यार्थियों के बीच देशभर में हिंसक झड़पों के बाद छह अगस्त को हड़ताल की घोषणा की थी। हिंसा के कारण हसीना की आवामी लीग की अगुवाई वाली सरकार गिर गई थी और हसीना को देश छोड़कर भारत जाना पड़ा था।

## कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस, 3 लाख डॉक्टर हड़ताल पर

**नई दिल्ली/कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 8 अगस्त देर रात ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न लाश मिली थी। पुलिस के मुताबिक, रेप के बाद उसकी हत्या की गई। प्राइवेट पार्ट, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। उसकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पाई गई थी। घटना को लेकर आज देशभर के 3 लाख रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। एम्स दिल्ली समेत देशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गई हैं। ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा- हेल्थ सेक्रेटरी से



हमने घटना की सीबीआई जांच कराने और डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग रखी है।

जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, हड़ताल जारी रखेंगे। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार सुबह ट्रेनी डॉक्टर के घर पहुंचीं। यहां उन्होंने कहा- 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच ष्टक्चढ्ढ को सौंप देंगे। हालांकि, सीबीआइ का सक्सेस रेट काफी कम है। केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी चलना चाहिए।

## जमानत मिलने के बाद सिसोदिया का पहला इंटरव्यू

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने शराब नीति मामलें में सुप्रीम कोर्ट से जमानत के बाद सोमवार (12 अगस्त) को पहला इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद है कि वह मेरी तरह ही केजरीवाल को भी न्याय देगा। सिसोदिया ने बताया- सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मुझे हर सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 11 बजे के बीच सीबीआई और ईडी दफ्तर में पेश होना होगा। इसी वजह से आज मैं उनके दफ्तर गया था। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी सबसे कठिन दौर से गुजरी है, लेकिन आप कार्यकर्ताओं और दिल्ली की जनता ने एकता दिखाई। यही हमारी ताकत है। पार्टी में कोई टूट नहीं है। सिसोदिया ने 11 अगस्त को अपने विधानसभा क्षेत्र के पटपड़गंज के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा- हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत नहीं हारी। हम जल्द ही इस मुसीबत से बाहर निकल आएंगे। 11 अगस्त को ही सिसोदिया ने अपने आवास पर एक हाई लेवल बैठक भी की। इसमें राज्यसभा सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज समेत आप के अन्य नेता मौजूद रहे। पार्टी हरियाणा विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की तैयारी में है आप नेता संदीप पाठक ने बताया कि बैठक में दिल्ली चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही तय किया गया

## नीतीश ने कृषि रोड मैप से बदली किसानों की हालत, सरकार की इस योजना से आया बिहार में बड़ा बदलाव



**पटना ( एजेंसी )।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के किसानों की हालत बदलने के लिए कृषि रोड मैप की शुरुआत की। अब तक बिहार में चार कृषि रोड मैप लॉन्च किया जा चुका है। गौरतलब है कि साल 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम बिहार आए थे तो उन्होंने कृषि के भविष्य और इसमें बिहार के लोगों की भविष्य को लेकर उन्होंने कई अहम बातें कही थीं। इसके बाद साल 2008 में पहले कृषि रोड मैप को नीतीश सरकार ले कर आए थे। कृषि रोड मैप के जरिए बिहार में खेती-किसानी में अभूतपूर्व गति से विकास हुआ है। बिहार का चौथा कृषि रोड मैप लॉन्च कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बापू सभागार में इस योजना को लॉन्च किया था। यह रोड मैप वर्ष 2023 से 2028 तक के लिए लागू किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि बिहार का चौथा कृषि रोड मैप किस कदर सबसे लाभकारी सिद्ध होगा। नीतीश कुमार ने बताया कि इस रोड मैप के तहत काम अगर अच्छे से होता है तो किसानों की आमदनी और बढ़ेगी। सीएम ने कहा कि चौथे रोड मैप को अच्छे से बनाया गया और इसमें सभी बातों का ध्यान रखा गया है।इस रोड मैप से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ने के साथ-साथ किसानों की आमदनी बढ़ेगी। बिहार में धान, गेहूं और मक्का की उत्पादकता लगभग दोगुनी हुई है और ये पिछले तीन कृषि रोड मैप के क्रियान्वयन की वजह से हुआ है। बिहार मशरूम, शहद, मखाना और मछली उत्पादन में आगे आया है। चौथा कृषि रोड मैप इसे और आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। आगामी पांच वर्षों में फसलों के विविधीकरण, बेहतर सिंचाई सुविधा, भूमि और जल संरक्षण, जलवायु अनुकूल कृषि, जैसे विषयों पर बल दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार में कृषि रोडमैप बनाकर किसानों का आर्थिक विकास कर रहे हैं।सीएम नीतीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2011-12 में नालंदा के एक किसान ने धान के उत्पादन में प्रति हेक्टेयर की उपज में कीर्तिमान बनाकर चीन तक को पीछे छोड़ दिया था।

आलू के उत्पादन में भी नालंदा के एक गांव ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।नीतीश कुमार ने बताया कि 2012 से 2017 के बीच दूसरे रोडमैप में कई अहम काम हुए और इसमें फल, दूध, सब्जी, अंडा और मछली का उत्पादन बढ़ा। तीसरे रोडमैप का कार्यकाल 2017 से 2022 तक था लेकिन इसमें एक साल की बढ़ोतरी की गई थी। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पांचवें कृषि रोड मैप की अब जरूरत नहीं पड़ेगी।

## बिहार के सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़, 7 कांवड़ियों की मौत



**जहानाबाद ( एजेंसी )।** सावन के चौथे सोमवार को बिहार के जहानाबाद में श्रावणी मेले के दौरान सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़ मच गई। इसमें दबकर 7 कांवड़ियों की मौत हो गई। हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना रविवार की देर रात करीब 12 बजे की है। हादसे की दो वजह सामने आई हैं। पहली- प्रत्यक्षदर्शी मनोज ने बताया, %मंदिर के पास फूल बेच रहे दुकानदारों का लोगों से झगड़ा हुआ था। इसके बाद ही अफरा-तफरी मची। लोग एक-दूसरे पर चढ़कर आगे बढ़ने लगे। मैं भी लाश के नीचे दबा हुआ था, लोगों ने मुझे खींचकर बाहर निकाला। 1-2 मिनट और रहता तो मेरी भी मौत हो जाती।


दूसरी- मृतकों के परिजन का आरोप है कि घटना का कारण लाठीचार्ज है। बराबर पहाड़ी पर श्रद्धालु एक तरफ से उतर और दूसरी तरफ से चढ़ रहे थे। आपा-धापी मचने पर व्यवस्था में लगे वॉलंटियर्स लाठी भांजने लगे। इससे भगदड़ मची, जान बचाने की कोशिश में श्रद्धालु भागने लगे और दब गए। मृतक के परिजन कृष्ण कुमार का कहना है, इस घटना में करीब 50 लोगों की मौत हुई है। दर्शन करने वाले भक्त ऐसा बता रहे हैं। 2 बजे रात से लोग अस्पताल में हैं।

## भारत और चीन से संतुलित संबंध चाहती है बांग्लादेश की अंतरिम सरकार: तौहीद हुसैन

**ढाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने रविवार को कहा कि वह एक संतुलित विदेश नीति बनाए रखेगी। साथ ही यह भी कहा कि बांग्लादेश भारत और चीन सहित सभी के साथ सुचारू और सकारात्मक संबंध बनाए रखना चाहता है। अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने विदेश मंत्रालय में अपनी पहली प्रेस वार्ता के दौरान कहा, हमारी नीति अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए सभी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की है। हुसैन ने कहा कि यह मानना निरर्थक है कि यह अंतरिम सरकार केवल किसी विशेष दिशा पर ही केंद्रित है। हुसैन पहले भारत में उप उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत थे। हुसैन ने कहा, हम भारत और चीन सहित सभी के साथ सुचारू और सकारात्मक संबंध बनाए रखना चाहते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश- शंभू बॉर्डर की एक लेन खोलें

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने करीब 6 महीने से बंद पंजाब-हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर को आंशिक तौर पर खोलने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कड़ी टिप्पणी की कि हाईवेज पार्किंग की जगह नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते के भीतर एंबुलेंस, सीनियर सिटीजंस, महिलाओं, छात्रों, आदि के लिए हाईवे की एक लेन खोलने का आदेश दिया। इसके लिए पंजाब और हरियाणा के डीजीपी के अलावा पटियाला, मोहाली और अंबाला के एसपी को मीटिंग कर इस पर फैसला लेने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केस की सुनवाई 22 अगस्त को होगी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि अगर पंजाब और हरियाणा के पुलिस अधिकारियों के बीच सहमति बन जाती है तो फिर सुनवाई की तारीख का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। बता दें कि पहले पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने शंभू बॉर्डर खोलने को कहा था। इसके खिलाफ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई। इसके अलावा पंजाब और हरियाणा की सरकार ने आंदोलन कर रहे किसानों से बातचीत के लिए निष्पक्ष कमेटी के सदस्यों के नाम दे दिए हैं।



## सिद्धारमैया बोले- हाथियों के लिए प्राकृतिक वास के संरक्षण से मानव-हाथी संघर्ष में आएगी कमी

**कर्नाटक ( एजेंसी )।** विश्व हाथी दिवस के दिन कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हाथियों के लिए प्राकृतिक वास के संरक्षण से मनुष्यों और हाथियों के बीच संघर्ष की घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं की दर चिंताजनक रूप से काफी बढ़ गई है। दरअसल, मनुष्य-हाथियों के बीच संघर्ष पर इस केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन का मकसद इस तरह के बढ़ते टकराव से निपटना



है। इस सम्मेलन का आयोजन कर्नाटक वन विभाग ने किया था।

इस सम्मेलन में समूचे भारत के वन विभाग के अधिकारी, अकादमिक शोधकर्ताओं और नागरिक समाज के संगठनों के साथ ज्ञान साझा करेंगे ताकि मानव-हाथी संघर्ष के समाधान के लिए साक्ष्य-आधारित समावेशी दृष्टिकोण को सामने लाया जा सके। सिद्धारमैया ने उद्घाटन समारोह में कहा कि कर्नाटक में विशेष रूप से मानव-हाथी संघर्ष दूसरे राज्यों के मुकाबले ज्यादा होते हैं

## कड़ी सुरक्षा के बीच 380 तीर्थयात्रियों का नया जत्था बूढ़ा अमरनाथ मंदिर के लिए हुआ रवाना



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू के आधार शिविर से 380 से अधिक तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा के बीच बम बम भोले के उद्घोष के साथ पुंछ जिले में बूढ़ा अमरनाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। अधिकारियों के अनुसार, 382 तीर्थयात्रियों का छठा जत्था केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस की सुरक्षा में 10 वाहनों के काफिले में तड़के सवा पांच बजे भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। इस जत्थे में 283 पुरुष, 90 महिलाएं और नौ बच्चे शामिल हैं। ये लोग आठ बसों और दो हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) में यात्रा कर रहे हैं।

## टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी पर संकट, यूएन की शरण लेगा बांग्लादेश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता का असर महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी पर पड़ सकता है। वहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार इस टूर्नामेंट की मेजबानी बरकरार रखने के लिए यूनाइटेड नेशंस की शरण में जाने की तैयारी कर रही है। बांग्लादेश के मौजूदा हालात को देखते हुए भारत, न्यूजीलैं, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने अपने नागिरकों को बांग्लादेश की यात्रा पर रोक लगाई है। बता दें कि, अक्टूबर में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप पर बड़ा सवालिया निशान बना हुआ है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के युवा और खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने खुलासा किया है कि वे इस मुद्दे को सुलझाने की उम्मीद में संयुक्त राष्ट्र से बात करेंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने आसिफ के हवाले से कहा है कि, कुछ देशों के लिए यात्रा प्रतिबंध हैं और इसलिए हम संयुक्त राष्ट्र से बात करेंगे। सुरक्षा और बुनियादी ढांचे से जुड़े कुछ मुद्दे हैं और हम इस संबंध में प्रोफेसर यूनुस से बात करेंगे। वह एक खेल प्रेमी हैं और उम्मीद है कि वह इस मामले को सुलझाएंगे। वहीं ढ्ढष्टष्ट भी बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रख रही है और उसने वैश्विक टूर्नामेंट को किसी दूसरे देश में स्थानांतरित करने की संभावना सहित सभी विकल्प खुले रखे हैं। इस पैमाने और कद के टूर्नामेंट के आयोजन में एख और बाधा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में चल रहा संकट है।

# ऋषभ पंत को टेस्ट क्रिकेट में आसान नहीं होगी वापसी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। जिसके लिए टीम का ऐलान होना बाकी है। लेकिन कहा जा रहा है कि, इस सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम में विकेटकीपर ऋषभ पंत की वापसी हो सकती है। दरअसल, टीम के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर पहले ही इस बात का ऐलान कर चुके हैं कि पंत को टेस्ट क्रिकेट में लाने की तैयारी चल रही है। जिस कारण उनको वनडे टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, पंत के लिए टेस्ट टीम में वापसी करना आसान नहीं होगा। बेहद ही खरतनाक कार एक्सीडेंट के कारण आईपीएल 2024 से पहले ऋषभ पंत 15 महीने तक क्रिकेट से दूर थे।

वहीं उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच दिसंबर 2022 में खेला था उसी महीने के आखिर में उनका कार एक्सीडेंट हुआ था। लेकिन अब वे रेड बॉल क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। आईपीएल 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन और फिटनेस साबित करने के बाद उनको टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए चुना गया था। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए भी उन्हें मौका मिला था। बांग्लादेश टीम अगले महीने भारत दौरे पर आएगी, जहां दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। अगरकर और उनकी




समिति दलीप ट्रॉफी के लिए खिलाड़ियों की घोषणा करने के लिए भी तैयार है। 5 से 24 सितंबर के बीच ये टूर्नामेंट खेला जाएगा। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में खेलते हुए दिखेंगे। इसके बाद भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो, न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर में 3 और नवंबर-दिसंबर में ऑस्ट्रेलिाय के दौरे पर 5 टेस्ट मैच खेलने हैं। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, चयनकर्ता पंत को दलीप ट्रॉफी में मौका देने का फैसला करने पर विचार कर रहे हैं। जिससे उन्हें लाल गेंद के प्रारूप में बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। इसके बाद ही बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का ऐलान होगा। हालांकि, पंत को ईशान किशन, ध्रुव जुरैल और केएल राहुल से बतौर विकेटकीपर कड़ी टक्कर मिल सकती है। पंत की गैरमौजूदगी में केएस भरत को मौका दिया गया, लेकिन वे फेल रहे। इसके बाद ईशान किशन की ओर टीम गई, लेकिन वहां भी निराशा हाथ लगी।

साउथ अफ्रीका दौरे के दौरान ईशान किशन टीम की पहली पंसद थे, लेकिन उन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर टीम का साथ छोड़ दिया। ऐसे में केएल राहुल को विकेटकीपिंग सौंपनी पड़ी। जिन्होंने साउथ अफ्रीका के बाद घरेलू सरजमीं पर इंग्लैंड के खिलाफ अच्छ प्रदर्शन किया था और अपनी जगह सुनिश्चित की थी। वहीं दलीप ट्रॉफी के लिए ध्रुव जुरेल, ईशान किशन और केएल राहुल को भी चुना जाएगा। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ कुछ मैचों में विकेटकीपिंग की जिसमें उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ऐसे में पंत को इन तीनों विकेटकीपरों से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। विदेशी सरजमीं पर ऋषभ पंत भारत को कई बार जीत दिला चुके हैं। फिर चाहे वो विकेटकीपिंग हो या बल्लेबाजी उन्होंने खुद को हर बार साबित किया है।

## मनु भाकर की मां ने की नीरज चोपड़ा से मुलाकात



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक 2024 का समापन हो चुका है। भारत ने इस ओलंपिक में महज 6 मेडल जीते हैं, जिनमें से एक सिल्वर तो 5 ब्रॉन्ज मेडल हैं। वहीं नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीता वह गोल्ड मेडल से पाकिस्तन के अरशद नदीम से पिछड़ गए। वहीं मनु भाकर ने दो ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचा। वहीं इस बीच मनु भाकर की मां सुमेधा भाकर ने पेरिस में नीरज से मुलाकात की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। साथ ही फैंस ने मनु और नीरज के बीच तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए। वायरल वीडियो में मनु की मां नीरज चोपड़ा से बात करते हुए नजर आ रही हैं उसके बाद वो नीरज का हाथ पकड़ती हैं और अपने सिर पर रखकर कसम खाने के लिए कहती है।

## ऋषभ पंत दिल्ली के लिए खेलेंगे या चेन्नई के लिए सौरव गांगुली ने कर दिया साफ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 के शुरू होने में अभी काफी वक्त है और इस सीजन के लिए मेगा नीलामी होगी। नीलामी के बाद कई टीमें बदली-बदली सी नजर आने वाली है। यही हाल दिल्ली कैपिटल्स का भी होगा, लेकिन इन सारी बातों से पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में तो यहां तक कहा गया कि ऐसी संभावना है कि ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स से अलग हो सकते हैं और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जुड़े सकते हैं। लेकिन अब सौरव गांगुली ने पंत को लेकर सारी बातें साफ कर दी हैं। दरअसल, सौरव गांगुली ने वन इंडिया बंगाली को इंटरव्यू देते हुए ऋषभ पंत के भविष्य के बारे में बात की और साफ तौर पर कहा कि वो दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते रहेंगे। पंत ने भयानक कार दुर्घटना के बाद लगभग एक साल तक मैदान से दूर रहने के बाद, आईपीएल 2024 में वापसी की थी और टीम की कप्तानी भी की थी। इसके बाद वो टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भी खेलते हुए नजर आए थे। पंत इस टीम के कप्तान साल 2021 में बने थे, लेकिन आईपीएल के इस सीजन 2024 में वो अपनी टीम को प्लेऑफ तक नहीं पहुंचा पाए थे।



आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स अपने 14 लीग मैचों में से केवल 7 ही जीत पाई थी। उस दौरान ऋषभ पंत की अगुवाई वाली ये टीम टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज में ही बाहर हो गई थी। 2016 में अपने आईपीएल करियर की शुरुआत करने वाले पंत ने इस लीग में अब तक खेले गए 111 मैचों में 3,284 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 18 अर्धशतक भी शामिल है।

## मोहम्मद शमी को लेकर पूर्व गेंदबाजी कोच ने दी टीम मैनेजमेंट को अहम सलाह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के स्टार तेज गेदंबाज मोहम्मद शमी पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के बाद से नहीं खेले हैं। एड़ी की सर्जरी के बाद वह एनसीए में रिहैब कर रहे हैं। हालांकि, वह बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलते हुए दिख सकते हैं। 33 साल के मोहम्मद शमी को लेकर भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे से सवाल हुआ कि क्या इस तेज गेंदबाज को चोट और उम्र के मद्देनजर केवल एक या दो फॉर्मेट खेलना चाहिए? जिस पर उन्होंने टीम मैनेजमेंट को अहम सलाह दी है। दरअसल, न्यूज 18 को दिए एक इंटरव्यू में पूर्व टीम इंडिया के बॉलिंग कोच पारस महाम्ब्रे ने शमी को लेकर भारतीय टीम मैनेजमेंट को अहम सलाह दी है। उन्होंने कहा कि शमी से इसे लेकर बातचीत होनी चाहिए। कोशिश होनी चाहिए की वह अगले 3-4 साल खेलें। ऐसा करने के लिए रास्त बनाना होगा। इसे लेकर उनसे बातचीत होनी चाहिए। पारस महाम्ब्रे ने शमी को एक या दो फॉर्मेट खेलने के सवाल को लेकर कहा कि, मुझे लगता है कि आपको शमी के साथ इस बारे में बात करनी चाहिए। उन्हें फैसला करना चाहिए और ईमानदारी से बात करनी चाहिए। वह क्या करना चाहते हैं? जाहिर तौर पर आप इसके बारे में जानते हैं। आपको उन्हें ये विकल्प देना होगा।



उनसे बात भी करनी होगी। हम उन्हें प्यार से लाला कहते हैं। लाला आप क्या चाहते हैं। आपकी योजना क्या है, आप कहां देखते हैं? इसमें आपके ट्रेनर, फिटनेस और एस एंड सी और डॉक्टर भी शामिल होने चाहिए। साथ ही पारस महाम्ब्रे ने कहा कि, मुझे लगता है कि ये फैसला शमी को लेना है। इस बातचीत के बाद आप रास्ता बना सकते हैं। लेकिन उनसे बातचीत करें। आपको कभी-कभी उन्हें चुनौती भी देनी पड़ सकती है। उनके ध्यान में कोई खास फॉर्मेट हो सकता है। उन्हें एक खिलाड़ी के तौर पर लग सकता है कि वे तीनों फॉर्मेट खेल सकते हैं। लेकिन तर्कसंगत फैसला लेना होगा। क्या ये वाकई फायदेमंद है? क्या टीम केलिए काफी अहमियत है? पूर्व बॉलिंग कोच ने कहा कि, शमी टीम केलिए एक अहम खिलाड़ी हैं, या नहीं? हमें ये सुनिश्चित कनरे की जरूरत है कि वह अगले तीन, चार साल तक टीम में बने रहें। तो बातचीत उद्देश्य ये है कि हम उन्हें अगले तीन साल तक टीम में रख सकते हैं तो इसके लिए हम रास्ता कैसे बना सकते हैं? तो उसके सात इस बारे में बात करें। यही एकमात्र तरीका है, ये एक अनोखा हुनर है। दुनिया में बहुत कम लोगों के पास ये हुनरे है, देश की तो बात ही छोड़िए।

## ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा को सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**सेंट लुई/अमेरिका ( एजेंसी )।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा यहां शुरू हो रहे सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से भिड़ेंगे। हाल के टूर्नामेंट में प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट के बावजूद प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर की अंतिम तालिका में पोडियम पर जगह बनाना चाहेंगे। इससे उन्हें बोनस नकद पुरस्कार राशि भी मिलेगी। अब तक के समग्र टूर परिणामों में तीसरे स्थान पर चल रहे प्रज्ञानानंदा के पास अपनी स्थिति सुधारने के लिए लगातार दो टूर्नामेंट हैं। वह रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट के तुरंत बाद वह सिंकफील्ड कप में हिस्सा लेंगे जहां उनके साथ हमवतन और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश भी चुनौती पेश करेंगे। रोमानिया के बुखारेस्ट और क्रोएशिया के जाग्रेब में दो लगातार जीत के साथ पिछले साल के टूर विजेता अमेरिका के फैबियानो करुआना 22.25 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा 17.58 अंक के साथ दूसरे जबकि प्रज्ञानानंदा 16.25 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं। गुकेश भी उनसे बहुत पीछे नहीं हैं।

## दलीप ट्रॉफी पहले दौर का मैच बेंगलुरू में, अश्विन और बुमराह को छोड़कर सभी सितारे खेलेंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को छोड़कर भारत के कुछ नियमित स्टार दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेंगे जिसे बीसीसीआई ने अनंतपुर की जगह बेंगलुरू में कराने का फैसला किया है।

सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को छूट दी जा सकती है। टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला पूरी तरह से उन पर छोड़ा जायेगा। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के दो सेट के मैच आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में पांच सितंबर से होने थे लेकिन अब उनमें से एक को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जायेगा ताकि लॉजिस्टिक की समस्या नहीं आये।






अनंतपुर बेंगलुरू से 230 किलोमीटर दूर है और हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ भी नहीं है। एक सूत्र ने बताया ,'' कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की सुविधा के लिये यह फैसला लिया गया है ताकि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले लाल गेंद के क्रिकेट का अनुभव हो जाये।'' भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में और 27 सितंबर से कानपुर में खेलने हैं।

## लंबे अरसे बाद घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेंगे विराट कोहली और रोहित शर्मा? एक-दूसरे के खिलाफ हो सकती टक्कर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आगामी दलीप ट्रॉफी में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि चयनकर्ता चाहते हैं कि बांग्लादेश के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से पहले सभी टेस्ट खिलाड़ी घरेलू टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहें। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली बीसीसीआई चयन समिति चार टीमों - भारत ए, भारत बी, भारत सी और भारत डी - के लिए टीमों का चयन करेगी, जो नए सिरे से शुरू किए गए दुलीप ट्रॉफी में भाग लेंगी।

रोहित और कोहली के अलावा शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को भी प्रतियोगिता में खेलने के लिए कहा गया है। भारत को 2024 टी20 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले जसप्रीत बुमराह शायद इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे और ऐसी संभावना है कि वह बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में भी नहीं खेलेंगे। भारत चार महीने के अंतराल में 10 टेस्ट मैच खेलने वाला है, जिसमें से पांच भारत में (दो बांग्लादेश के खिलाफ,



तीन न्यूजीलैंड के खिलाफ) जबकि पांच ऑस्ट्रेलिया दौरे पर होंगे। छह मैचों वाली दलीप ट्रॉफी 5 सितंबर से अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) में आयोजित की जाएगी। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, आयोजन स्थल को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थानांतरित किया जा सकता है, क्योंकि भारतीय क्रिकेटर इसमें भाग लेने के लिए सहमत हैं, क्योंकि अनंतपुर में हवाई अड्डा नहीं है। हालांकि, इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि रोहित और कोहली किस खेल में खेलेंगे, लेकिन अगर टीम प्रबंधन बांग्लादेश श्रृंखला की शुरुआत से पहले चेन्नई में एक शिविर आयोजित करने का फैसला करता है, तो दोनों शुरुआती मुकाबले में ही खेलेंगे।

## भारत दौरे पर आने वाली न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, 9 सितंबर से टेस्ट अफगानिस्तान से टकराएगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान टीम के बीच 9-13 सितंबर तक टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम को भारत का दौरान करना है, जिसके लिए टीम का ऐलान हो चुका है। टिम साउदी की कप्तानी में 15 सदस्यीय कीवी टीम अफगान टीम के खिलाफ खेलेगी। इस टीम में 18 महीने बाद माइकल ब्रेसवेल की वापसी हो रही है।

न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ 9 से 13 सितंबर के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा सोमवार को की। अफगानिस्तान टीम भारत में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। इस एक मात्र टेस्ट मैच के लिए नोएड के स्टेडियम को तैयार किया जा चुका है। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका का दौरा करेगी। यहां उसे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत दो टेस्ट मैच खेलना है। वहीं इस टेस्ट टीम में 18 महीने बाद माइकल ब्रेसवेल की वापसी हुई है। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत में खेले जाने वाले मुकाबले में मिचेल सेंटनर, एजाज पेटल और रचिन रविंद्र के साथ




ऑफ स्पिनर ब्रेसवेल को शामिल किया गया है। कीवी कप्तान टिम साउदी के पास ग्लेन फिलिप्स के रूप में पांचवां स्पिन विकल्प भी होगा। टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, केन विलियमसन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, टॉम लेथम, डेरिल मिचेल, विल ओउरके, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, बैन सीयर्स, विल यंग।

# सभी पात्र अप्रवासी श्रमिकों को जारी कराये पात्रता पर्ची : कलेक्टर

### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले की नगरीय निकाय और जनपद पंचायतों द्वारा क्षेत्र के अप्रवासी श्रमिकों की सूची के सत्यापन सर्वे के बाद पात्र पाये गये सभी श्रमिकों को पात्रता पर्ची जारी के निर्देश दिये है। समय सीमा प्रकरणों की सोमवार को संपन्न बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन और विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, एसडीएम एपी द्विवेदी, राहुल सिलाडिया, सुधीर बेक, नीरज खरे, जीतेन्द्र वर्मा, आरएन खरे सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।






कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि इस सप्ताह 11832 लंबित शिकायतों के साथ सीएम हेल्पलाइन में सतना जिला सी केटेगरी में रैंकिंग के 14वें स्थान पर है। अगली रैंकिंग की तिथि तक अवकाश की संख्या ज्यादा है। इसलिए नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण जारी रखे। जुलाई माह की 5 हजार 875 कुल शिकायतों में इस सप्ताह 1394 शिकायतें कम की गई है जबकि 4481 शिकायतें अभी भी लंबित है। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सुनिश्चित करें कि कोई भी शिकायत उच्च स्तर पर नाट-अटेण्ड नहीं पहुंचनी चाहिए।

राजस्व महाअभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की गति बढाये, इन्हें होल्ड पर नहीं रखे। अभियान के दौरान ही निराकृत करते रहे। उन्होंने कहा कि नक्शा तरमीम कार्य में प्रगति असंतोष जनक है। नक्शा तरमीम के कार्य में जितनी प्रगति होगी उतनी ही जिले की रैंक में सुधार होगा। अप्रवासी श्रमिकों को खाद्यान्न वितरण की पात्रता के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों की निकायवार और जनपदवार सूची निकायों को दी गई है। अपने-अपने निकायों में सर्वे कर सूची अनुसार व्यक्तियों का सत्यापन करें। दूसरी निकाय का व्यक्ति होने पर उसका नाम उस निकाय में ट्रांसफर करें। कलेक्टर ने कहा कि अब तक 30 हजार श्रमिकों का सत्यापन कार्य शेष है। शीघ्रता से इसे पूरा कराये। निकायों द्वारा किये गये सत्यापन सर्वे में 49 हजार श्रमिकों में 28565 श्रमिक पात्र पाये गये हैं। जिनमें मात्र 14 हजार श्रमिकों को ही पर्ची जारी करने पर कलेक्टर ने कहा कि जब पात्र पाये गये हैं तो सभी को पात्रता पर्ची जारी की जानी चाहिए।

कलेक्टर ने जिले में चल रहे घर-घर तिरंगा अभियान, एक पेड मां के नाम वृक्षारोपण और स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रमों के आयोजन की समीक्षा भी की।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पुलिस प्रशासन द्वारा निकाली गई बाइक रैली



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासन के निर्देशानुसार 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सोमवार को मैहर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा मैहर के पूरे जिले में बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य, अतिरिक्त नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, थाना प्रभारी अनिमेष दिवेदी सहित विभागीय अधिकारी एवं नगरीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बाल विवाह एवं बाल शर्म को खत्म करने के लिए वृहत अस्तर पर चलाया जरहा है जागरूकता एवं हस्तक्षेप अभियान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** जिले में एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत जिले में बाल अधिकारों के लिए हस्तक्षेप एवं जागरूकता कार्यक्रम जिला एवं स्थानीय प्रशासन महिला एवं बाल विकास,पुलिस ग्राम पंचायत आदि के सहयोग से किया जरहा है । इस कार्यक्रम के तहत जिले के पचास ग्राम पंचायतों में प्रमुख रूप से एवं पूरे जिले में बाल अधिकारों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से बाल विवाह एवं बाल यौन शौषण ,बाल मजदूरी जैसे समस्यायों के बारे में खत्म करने के लिए ग्राम पंचायत, स्कूल,आगनवाड़ी,जन समुदाय, को जागरूक करने के साथ, उनका सहयोग लेते हुए । गहन हस्तक्षेप अभियान चलाया जरहा है । सहयोगी संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी रीवा के समन्वयक सुमित सिंह ने बताए है की बाल विवाह की जानकारी मिलते ही संस्था के द्वारा परिवार को समझाया जाता है एवं स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर अंडरटेकिंग भरवाया जाता है । इसी प्रकार से बाल श्रम संबंधी जानकारी संबधित विभाग से साझा करते हुए ।कार्यवाही करने हेतु प्रयास किया जाता है।




इस मुहीम में बालाधिकारो के लिए काम करने वाली संस्था समग्र जन चेतना विकाश परिषद भी महती भूमिका निभा रही है। जिला समन्वयक ने समाज से अपील किया हैं की । बाल विवाह एवं बाल श्रम की जानकारी हमारे साथ 7974309106 साझा किया जा सकता है । साथ ही आशा वयक्त किया है की जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन और समाज के सहयोग से आने वाले समय में पूर्ण रूप से हम सब बाल अधिकारों को सुरक्षित कर सकते है।

# गैंग रेप के 3 आरोपी गिरफ्तार

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट के बाद दरिंदगी की

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नागौद थाना पुलिस ने महिला के साथ घर मे घुस कर मारपीट और गैंग रेप करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, नागौद पुलिस ने गत 30 जुलाई की रात कस्बे में हुई महिला के साथ मारपीट और गैंग रेप की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पकड़े गए आरोपियों में रजनीश उर्फ राजन सोनी पिता राकेश कुमार सोनी (30) निवासी ग्राम शिवराजपुर थाना सिंहपुर , पुनीत सोनी पिता रामप्रसाद सोनी (24) निवासी लक्ष्मी पैलेस के पीछे चटाई मोहल्ला नागौद एवं मंटू उर्फ शैलेन्द्र कुमार कोरी पिता राजेश कोरी (20) निवासी पुरानी कोतवाली के पास नागौद शामिल हैं।




पुलिस ने बताया कि आरोपी राजन सोनी अपने भाई और महिला के बीच सम्बन्धों को लेकर नाखुश था। वह अपने साथियों पुनीत और मंटू के साथ 30 जुलाई की रात लगभग पौने 12 बजे महिला के घर पहुंचा। महिला में दरवाजा खोला तो तीनों जबरिया उसके घर के अंदर दाखिल हो गए।

तीनों में महिला के साथ बलात्कार किया और मारपीट की। उन्होंने उसके प्राइवेट पार्ट में भी डंडे मारे। इस मामले में महिला की शिकायत पर नागौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा धारा 331(6),296,115(2),351(2),3(5) के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

## महावीर कॉलोनी गोलीकांड का आरोपी गिरफ्तार

### हवाला कारोबारी के बेटे को निशाना बनाने की थी कोशिश

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सिटी कोतवाली क्षेत्र स्थित महावीर कॉलोनी में हुए गोलीकांड का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस ने आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिटी कोतवाली पुलिस ने महावीर कॉलोनी में 9 अगस्त की रात गोली चला कर दहशत फैलाने और हवाला कारोबारी के बेटे धर्मिल शाह की हत्या की कोशिश करने वाले आरोपी लविश भागदेव उर्फ लवी सिंधी पिता मोहनलाल भागदेव (22) निवासी झूलेलाल मंदिर बजरहा टोला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से वारदात में उपयोग की गई पिस्टल और बिना नंबर की कार भी जब्त की है।



टीआई कोतवाली शंखधर द्विवेदी ने बताया कि आरोपी लवी सिंधी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। उसे अवैध हथियार के साथ पहले भी पकड़ा गया था।

9 अगस्त की रात लवी सिंधी ने महावीर कॉलोनी में घुस कर हवाला कारोबारी महावीर शाह के बेटे धर्मिल शाह (17) पर पिस्टल से फायर किया था और उसकी जान लेने की कोशिश की थी। उसने इसके पहले भी बीच बाजार धर्मिल के साथ मारपीट की थी और उसकी बाइक में भी तोड़फोड़ की थी।

## किसानों को जैविक और मिलेट्स खेती की ओर प्रोत्साहित करें : कलेक्टर

# किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की बैठक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन अपनी संस्थाओं से अधिक से अधिक किसानों को जोडे और उन्हें जैविक खेती तथा मोटे अनाज की खेती की ओर प्रोत्साहित करे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न किसान उत्पादक संगठनों की बैठक में कलेक्टर ने एफ्पीओ के प्रतिनिधियों से संगठन की कार्य प्रणाली और अनुभव भी साझा किये। इस मौके पर सीईओ जनपद, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. प्रमोद शर्मा, परियोजना संचालक राजेश तिवारी, एलडीएम गौतम शर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र के एमएस नेगी भी उपस्थित थे।





कलेक्टर ने कहा किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से किसानों को कृषि कार्यों और मार्गदर्शन में सुविधा मिले और उन्हें कृषि आदान सुविधापूर्वक समय पर मिले। तभी एफ्पीओ के गठन का उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि एफ्पीओ खुद के बेयरहाउस बनाने अथवा किराये पर लेने के संबंध में भी विचार करें। ताकि किसानों के उत्पाद को सही समय पर बाजार ले जाने पर उन्हें अधिक और उचित उपज का मूल्य मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि एफ्पीओ का गठन और रजिस्ट्रेशन कम्पनी के रूप में किया गया है। अतः सभी एफ्पीओ कम्पनी एक्ट के प्रावधानों का अवश्य पालन करें। कलेक्टर ने सभी विकासखण्डों के एफ्पीओ प्रतिनिधियों से अब तक की गई गतिविधियां और बिजनेस के बारे में चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एफ्पीओ किसानों की न्यूनतम संख्या के अनुसार नहीं बल्कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को एफ्पीओ से जोडे। तभी संगठन के गठन का उद्देश्य सार्थक होगा।

## जिला और विकासखण्ड मुख्यालयों पर 13 अगस्त को होगी तिरंगा यात्रा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राज्य शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा, मैराथन, बाइक रैली, साईकिल रैली, कार रेस आदि के आयोजन किये जा रहे है। सतना जिले में जिला स्तर और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। सतना जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह की फाइनल रिहर्सल के बाद 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड से सिविल लाइन चौपाटी सतना तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी को सभी संघ, संस्था, विभाग से सम्पर्क कर अधिकाधिक प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने और तिरंगा यात्रा के पूर्व सभी प्रतिभागियों की आनलाइन इन्ट्री कराने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पुलिस, नगर पालिक निगम, चिकित्सा विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, शासकीय स्वशासी महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, जिला अधिकारी एनएसएस, एनसीसी अधिकारी उच्च शिक्षा एवं शिक्षा विभाग, जिला स्काउट एवं गाइड, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, सीईओ स्मार्ट सिटी, जिला खेल एवं युवा कल्याण, अध्यक्ष, सचिव खेल संघ और जनसम्पर्क विभाग को तिरंगा यात्रा के आयोजन संबंधित दायित्व सौंपे है।

## जैतवारा के तीन फीडरों की सप्लाई आज प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सतना के कार्यपालन अभियंता पंकज द्विवेदी ने बताया कि 220 केव्ही उपकेन्द्र सतना अंतर्गत 63 एमव्हीए ट्रांसफार्मर के परीक्षण/रख-रखाव एवं उपकेन्द्र में अन्य कार्य हेतु मेंटीनेंस का कार्य किया जाना है। जिसमें 33 केव्ही जैतवारा से ऊर्जित होने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र रामपुर चौरासी, भर्जुना एवं बरा से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडरों की सप्लाई प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।

## तिरंगा यात्रा में शामिल होने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने की अपील

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों के परिवारजनों को 13 अगस्त को प्रातः 9.45 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में जिला प्रशासन द्वारा तिरंगा यात्रा संचालित की जा रही है। जिसमें जिले के अधिक से अधिक संख्या में भूतपूर्व सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों के परिवारजनों को तिरंगा सहित शामिल होने की अपील की गई है। यह यात्रा पुलिस परेड ग्राउण्ड से आरंभ होकर सिविल लाइन चौपाटी तक की जायेगी। जिले के अधिक से अधिक भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिवार जन तिरंगा यात्रा में भाग लेकर आयोजन को सफल बनायें।

## सतना जिले में अब तक 467.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 12 अगस्त 2024 तक 467.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 784.4 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 313.9 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 494.8 मि.मी, बिरसिंहपुर में 467 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 340 मि.मी., नागौद में 535.5 मि.मी., जसो (नागौद) में 229.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 576 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 399.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## मैहर जिले में अब तक 681.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 12 अगस्त 2024 तक 681.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 720 मि.मी., मैहर में 646.1 मि.मी. एवं रामनगर में 678.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 362.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## सड़क के लिए निगम कार्यालय में स्कूली बच्चों का प्रदर्शन

### जवाहरनगर-पतेरी मार्ग की बदहाली पर भड़का गुस्सा, जमकर लगाए नारे, दी 3 दिन मोहलत



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना शहर को विकास और प्रगति पथ पर दौड़ाने के सरकारी दावों के बीच पिछले कई सालों से स्कूल जाने के लिए भी सड़क न होने से जवाहर नगर क्षेत्र के छात्रों का गुस्सा भड़का और वे प्रदर्शन करने नगर निगम कार्यालय जा पहुंचे। बच्चों ने निगम प्रशासन एवं महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और 3 दिन की मोहलत के साथ उग्र आंदोलन का अल्टीमेटम भी दे दिया।

सतना शहर के वार्ड नंबर 28 और आसपास के क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शन किया। युकां नेता विक्रांत त्रिपाठी विक्की व पार्षद पंकज कुशवाहा के साथ निगम कार्यालय पहुंचे छात्र सीढ़ियों पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे।

बच्चों के हाथ मे तख्तियां थी जिसमें सड़क की मांग लिखी थी। वे निगम प्रशासन व महापौर के खिलाफ नारे लगा रहे थे। गौरतलब है कि महदेवा-पतेरी-जवाहरनगर मार्ग पिछले काफी समय से खराब पड़ा है। पहले जलावर्धन योजना और फिर सीवर लाइन प्रोजेक्ट के लिए इस सड़क को खोद कर फेंक दिया गया लेकिन फिर इसे बनवाया नहीं गया।

हालत ये है कि बारिश होने पर अभी जहां पूरी सड़क कीचड़ से लथपथ है वहीं सूखे मौसम में यहां धूल के गुबार उड़ते हैं। इस सड़क पर कई स्कूल हैं जहां बड़ी संख्या में छात्र पढ़ते हैं।

सड़क खराब होने के कारण स्कूल, कॉलेज जाने के लिए कई किमी लंबा चक्कर काटना पड़ता है जिससे न केवल असुविधा हो रही है बल्कि हादसों का भी डर बना रहता है। बहुत छात्र इसी मार्ग के इर्द गिर्द रहते हैं लेकिन स्कूल वैन वाले भी आने को तैयार नहीं हैं ऐसे में उन्हें कीचड़ से लथपथ होकर स्कूल आना जाना पड़ रहा है।

युकां नेता विक्रांत त्रिपाठी ने कहा कि कई बार निगम के जिम्मेदारों से आग्रह किया गया लेकिन अभी तक सड़क नहीं दुरुस्त कराई गई लिहाजा मजबूर होकर छात्रों को प्रदर्शन करने निगम कार्यालय आना पड़ा है। फिलहाल 3 दिन की मोहलत दी गई है।

प्रदर्शनकारियों में छात्रों के अलावा अंकित गुप्ता, शैलेश तिवारी, राजवीर सिंह, शाहिद तथा कई अन्य अभिभावक भी शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।